# वार्षिक रिपोर्ट
# Annual Report
# 2020-21

विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

**National Institute of Open Schooling**

ISO 9001 : 2015 Certified

An Autonomous Institution under Ministry of Education, Govt. of India

# अध्यक्ष का संदेश
# Chairperson's Message



राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान अपनी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहा है जिसमें शैक्षिक वर्ष 2020-2021 में संस्थान द्वारा की गई अधिकांश गतिविधियों और नवाचारों का सारांश दिया गया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का लक्ष्य प्रत्येक शिक्षार्थी की अनूठी सक्षमताओं को उजागर करने के लिए शिक्षा को और अधिक संपूर्ण, लचीली और बहु-विषयक बनाकर भारत को एक जीवंत, ज्ञानवान समाज तथा वैश्विक ज्ञान की महाशक्ति के रूप में बदलना है। यह भारत की नई शिक्षा प्रणाली की दृष्टि को उभारती है तथा यह ग्रामीण और शहरी भारत दोनों में प्रारंभिक शिक्षा से उच्च शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण का एक बृहत स्वरूप है। एनईपी 2020 में विभिन्न स्तरों पर एनआईओएस को बड़ा उत्तरदायित्व दिया गया है तथा एनआईओएस राष्ट्र को प्रगति और विकास के पथ पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

एनईपी 2020 के कार्यों को पूरा करने के लिए, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) प्रारंभिक से माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक तक सभी स्तरों पर, विद्यालयी शिक्षा की सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। इसका प्रमुख उद्देश्य बीच में ही स्कूल छोड़ चुके बच्चों के लिए विभिन्न नवाचार एवं समावेशी अधिगम के तरीके प्रदान कर उन्हें फिर से मुख्य धारा में लाना है। एनआईओएस विश्व की सबसे बड़ी मुक्त विद्यालयी शिक्षा प्रणाली के रूप में शिक्षार्थियों को उनके द्वार पर शैक्षिक और व्यावसायिक दोनों पाठ्यक्रम प्रदान करता है।

वर्ष 2020-21 में समावेशी, अंतर-विषयक तथा आईसीटी से संबंधित गतिविधियों की दिशा में भावी विकास और व्यावहारिक आवश्यकताओं के अनुसार रचनात्मक प्रयास करते हुए एनआईओएस का विजन और अधिक प्रखर हुआ, जिसमें शाखाओं का विकास तथा व्यावहारिकता शामिल थी। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत सरकार के निर्देश तथा सामाजिक दूरी की आवश्यकता के अनुसार स्कूल बंद होने के कारण, एनआईओएस ने अधिगम के लिए उपलब्ध मंचों का उपयोग किया ताकि शिक्षार्थियों के लाभार्थ लॉकडाउन अवधि का उपयोग किया जा सके। एनआईओएस ने अप्रैल, 2020 प्रतिदिन स्वयं प्रभा पाणिनी (माध्यमिक) तथा शारदा (उच्चतर माध्यमिक) चैनलों पर सजीव कार्यक्रमों का प्रसारण आरंभ किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से, हम देश भर के शिक्षार्थियों तक पहुंचने में सक्षम हुए, विशेष रूप से दूरदराज़ के उन स्थानों में, जहां इन विषम परिस्थितियों में इंटरनेट की पहुंच नहीं है। स्वयं प्रभा के चैनल नं. 27 (पाणिनी), 28 (शारदा) पर परिचर्चा का प्रसारण किया गया। परिचर्चा में एनआईओएस के माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक के शिक्षार्थियों के साथ दोपहर 1:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक छह घंटे की सजीव चर्चा हुई। विभिन्न विषयों के रिकॉर्ड किए गए वीडियो प्रसारित किए गए। ये कार्यक्रम विभिन्न सेवा प्रदाताओं के पास निःशुल्क उपलब्ध थे।

National Institute of Open Schooling is presenting the Annual Report which summarizes the majority of activities and initiatives undertaken by the institution for the academic year 2020-2021.

The National Educational Policy 2020 seeks to transform India into a vibrant knowledge society and global knowledge superpower by making education more holistic, flexible, and multidisciplinary in order to bring out each learner's unique capabilities. It outlines the vision of India's new education system and it is a comprehensive framework from elementary education to higher education as well as vocational training in both rural and urban India. The NEP 2020 entrusts a larger responsibility to NIOS at various levels and is committed to driving the nation on the path of progress and development.

In order to accomplish the functions of NEP 2020, the National Institute of Open Schooling (NIOS) is devoted to ensure universal access to school education at all levels, from Elementary to Secondary and Senior Secondary. Its aim is to reintegrate dropouts into the mainstream by facilitating multiple, innovative, and inclusive learning pathways. As the world's largest open schooling system, NIOS provides both academic and vocational courses, empowering learners at their doorstep.

The year 2020-2021 added lustre to the vision of NIOS by creative efforts towards inclusive, inter-disciplinary, and ICT-related activities that involved lateral growth and pragmatism. As per the directives of the Government of India and the need for necessary social distancing resulting in school closures, NIOS harnessed the available learning platforms during the COVID-19 pandemic so as to utilize the lockdown period for the benefit of the learners. NIOS began broadcasting live programmes on the Swayam Prabha Panini (Secondary) and Sharda (Senior Secondary) channels every day from April 2020. Through this programme, we were able to reach out to the learners around the country, particularly those in remote locations who did not have access to the internet during these difficult times. The discussions were broadcast on Channel no. 27 (Panini), 28 (Sharda) of Swayam Prabha. The discussion comprises six hours of live interaction from 1:00 pm to 7:00 pm with the Secondary and Senior Secondary learners of NIOS. Recorded videos of the different topics were telecast from 7:00 am to 1:00 pm. The programmes were available free of cost with different service providers.

एक नई पहल के रूप में, एनआईओएस ने सितंबर 2020 से ई-विद्या चैनलों के माध्यम से माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर सभी विषयों के शिक्षार्थियों के लिए सजीव पीसीपी आयोजित करना आरंभ किया। इस पहल ने दो-तरफा संप्रेषण माध्यमों के साथ अधिगम के अवसर प्रदान किए ताकि शिक्षार्थियों के संदेह आसानी से दूर हो सकें। इसके अतिरिक्त, एनआईओएस ने विभिन्न विषयों पर माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रमों, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों तथा सांकेतिक भाषा कार्यक्रमों के लिए प्रतिदिन 8 घंटे (सुबह 09.30 से शाम 04.30 बजे) के सजीव सत्रों का आयोजन किया।

दिव्यांग शिक्षार्थी एनआईओएस के लिए अधिक प्राथमिकता प्राप्त समूह हैं। उनकी शिक्षा को सुविधाजनक बनाने के लिए डेजी-सक्षम बोलती पुस्तकों का आरंभ एक सक्रिय कदम है। वर्तमान में डेजी प्रारूप में बोलती पुस्तकें माध्यमिक स्तर पर 13 विषयों और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर 23 विषयों के लिए उपलब्ध हैं। ये बोलती पुस्तकें पहले ही तैयार की जा चुकी हैं और दृष्टिबाधित या कम दृष्टि वाले शिक्षार्थियों के लिए अध्ययन का सर्वोत्तम तरीका और माध्यम हैं। एनआईओएस माध्यमिक स्तर पर 7 विषयों और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर 7 विषयों में सांकेतिक भाषा वीडियो तैयार कर रहा है ताकि बधिर शिक्षार्थी माध्यमिक स्तर की सामग्री के अलावा अपनी सीखने की आवश्यकताओं के अनुरूप सर्वोत्तम पाठ्यक्रम चुन सकें। एनआईओएस छह महीने के प्रमाणपत्र कार्यक्रम पर कार्य कर रहा है। बधिरों तथा सुनने में अक्षम शिक्षार्थियों के लिए सांकेतिक भाषा में 'टूर गाइड' नामक छह माह के प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम पर कार्य कर रहा है, जो स्वयं प्रभा मंच पर उपलब्ध होगा। एनआईओएस एक भाषा विषय के रूप में भारतीय सांकेतिक भाषा के लिए पाठ्यक्रम सामग्री भी तैयार कर रहा है, जिससे बधिर और कम सुनने वाले शिक्षार्थी अपनी प्रथम और पसंदीदा भाषा में अध्ययन कर सकते हैं। आगामी शैक्षिक वर्ष में एनआईओएस एक विषय के रूप में माध्यमिक स्तर पर भारतीय सांकेतिक भाषा पाठ्यक्रम प्रदान करने वाला पहला बोर्ड होगा। लॉकडाउन के दौरान, पीएम ई-विद्या चैनल पर सजीव वीडियो कार्यक्रमों के माध्यम से सप्ताह में दो बार सांकेतिक भाषा माध्यम में सामग्री वितरित की गई। अन्य विभिन्न गतिविधियों के अतिरिक्त एनआईओएस ने माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तर पर अर्जित स्व-अध्ययन सामग्री भी तैयार की।

मुक्त बेसिक शिक्षा कार्यक्रम के तीनों स्तरों पर संस्कृत, हिंदी और अंग्रेजी माध्यम में वेद, योग, विज्ञान, व्यावसायिक कौशल और संस्कृत भाषा विषयों जैसे भारतीय ज्ञान परंपरा के 15 पाठ्यक्रम तैयार किए गए। ये पाठ्यक्रम कक्षा 3, 5 और 8 के समकक्ष हैं। इन पाठ्यक्रमों के लिए स्व-अध्ययन सामग्री का लोकार्पण 2 मार्च, 2021 को माननीय केंद्रीय शिक्षा मंत्री, भारत सरकार द्वारा किया गया। कई विषयों, जैसे महाकाव्य रामायण का वैदिक वर्णन, भगवद्गीता के उपदेश तथा पाणिनी के माहेश्वर सूत्र, इन पाठ्यक्रमों में शामिल किए गए हैं। संस्कृत में भारतीय ज्ञान परंपरा पाठ्यक्रम हिंदी तथा अंग्रेजी अनुवाद के साथ माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर भी कराए जाते हैं।

एनआईओएस ने 22 सितंबर, 2020 को ''देश में शिक्षा के वैकल्पिक मॉडल विकसित करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षानीति'' विषय पर एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया। यह शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'शिक्षक पर्व' को मनाने के लिए आयोजित वेबिनार की श्रृंखला का एक हिस्सा था।

As a new initiative, NIOS started conducting live PCP for learners for all subjects at Secondary and Senior Secondary levels through e-vidya channels from September 2020. This initiative provided learning opportunities with a two-way communication medium so that learners could clear doubts easily. Furthermore, NIOS conducted 8 hours live sessions (09.30 am to 04.30 pm) every day for Secondary and Senior Secondary courses, Vocational Courses and Sign Language programmes on a variety of subjects.

People with Disabilities are a high-priority group for NIOS. DAISY-enabled Talking Books were introduced as a proactive step toward facilitating their education. Talking books in daisy format are currently available for 13 subjects at the Secondary level and 23 subjects at the Senior Secondary level. These talking books have already been developed and are one of the best ways and means of study for learners who are visually impaired or have low vision. NIOS is developing Sign Language Videos in 7 subjects at the Secondary and 7 subjects at Senior Secondary level so that deaf learners can choose the courses that best suit their learning needs aside from Secondary-level content, NIOS is working on a six-month Certificate course in Sign Language titled 'Tour Guide' for Deaf and 'Hard-of-Hearing' Learners, which will be available on the Swayam Platform. NIOS is also developing course materials for Indian Sign Language as a language subject, allowing deaf and hard-of-hearing learners to study in their first and preferred language. NIOS will be the first Board in the country to offer Indian Sign Language at the Secondary level as a subject from the upcoming academic year. During the lockdown, contents in sign language medium were delivered twice a week through live video programmes on PM e-Vidya channel . Besides various other activities, NIOS also developed energized Self Learning Material at the Secondary and Senior Secondary levels.

NIOS prepared 15 courses of Indian Knowledge Tradition such as Veda, Yoga, Science, Vocational Skills and Sanskrit language subjects in Sanskrit, Hindi and English medium at all three levels of the Open Basic Education Program. These courses are equivalent to classes 3, 5 and 8.The Self-Learning Material for these courses was released on March 2, 2021, by Hon'ble Union Minister of Education, Government of India. Many subjects, such as the Vedic narration of the epic Ramayana, the teachings of the Bhagavad Gita, and Panini's Maheshwara Sutras, have been included in these courses. IKT courses in Sanskrit are also offered at the Secondary and Senior Secondary levels, with Hindi and English translations.

NIOS hosted a national webinar with the theme "National Education Policy for Developing Alternative Models of Education in the Country" on September 22, 2020. It was part of a series of webinars organised by the Ministry of Education, Government of India to commemorate 'Shikshak Parv.'

एनआईओएस की प्रमुख विशेषता इसके पाठ्यक्रम और उनके प्रसार से दोनों के संदर्भ में इसका लचीलापन है। एनआईओएस ऑनलाइन अधिगम के माध्यम से इसके अधिकृत व्यावसायिक अध्ययन केंद्रों पर उपलब्ध सामुदायिक स्वास्थ्य, योग शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम, कटाई एवं सिलाई, सौंदर्य संवर्द्धन, ईसीसीई जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में सहायता प्रदान की गई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, महाराष्ट्र, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी), गांधीनगर, भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई), भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) सहित विभिन्न केंद्र और राज्य सरकार के संस्थानों के साथ विभिन्न नए समझौता ज्ञापन किए गए तथा पुराने समझौता ज्ञापनों का नवीनीकरण किया गया। हमने शैक्षिक विषयों को व्यावसायिक और कौशल विकास के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत किया है जो शिक्षा को आजीविका से जोड़ते हैं।

एनआईओएस में शिक्षार्थी अपनी आवश्यकतानुसार अपने अध्ययन केंद्रों (प्रत्यायित संस्थाओं) में विषय शिक्षकों के साथ सीमित संपर्क सत्रों सहित मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अध्ययन करते हैं। एआई में संपर्क सत्र इन शिक्षार्थियों को समस्या-समाधान सत्रों के रूप में शैक्षिक सहायता प्रदान करते हैं। एनआईओएस शिक्षार्थियों तथा अन्य स्टेकधारकों के लिए सेवाएं बेहतर करने के लिए हमेशा नए तरीके लेकर आता है। एनआईओएस की कंप्यूटर इकाई परीक्षा केंद्रों के वितरण हेतु जियो-टैगिंग तकनीक की शुरुआत करके एक बेजोड़ प्रक्रिया को लागू कर रही है। इस नवाचार की सहायता से शिक्षार्थी को निर्धारित अध्ययन केंद्र के 40 किलोमीटर के दायरे में परीक्षा केंद्र प्राप्त होगा।

एनआईओएस का उद्देश्य 'प्रधान मंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान' (पीएमजीदिशा) के सहयोग से राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए उन्हें कंप्यूटर अथवा डिजिटल उपकरणों को चलाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान कर ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को सशक्त बनाना है और इसलिए उन्हें सूचना प्रौद्योगिकी को प्रयोग तथा विशेष रूप से डिजिटल भुगतान संबंधित अनुप्रयोगों के प्रयोग में उन्हें सक्षम बनाना है। एनआईओएस प्रत्येक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में ग्रामीण भारत में प्रत्येक पात्र परिवार से एक व्यक्ति को अर्थात् 06 मिलियन लोगों को डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण देगा। इस योजना के तहत अब तक लगभग 98 लाख शिक्षार्थियों को प्रमाणित किया जा चुका है।

एनआईओएस ने झारखंड सरकार के साथ मिलकर "तेजस्विनी परियोजना" शुरू की, जिसमें राज्य के 17 जिलों में 14-24 वर्ष की आयु समूह की किशोरियों तथा युवा महिलाओं (एजीवाईडब्ल्यू) को मुख्य रूप से अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) की किशोरियों को सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया गया। इस परियोजना का उद्देश्य उनकी सक्षमताओं में सुधार करना तथा अर्थव्यवस्था के कुशल श्रमिकों में शिक्षा, प्रशिक्षण, रोजगार और प्रवेश प्राप्त करने में उनकी सहायता करना है।

कस्तूरबा बालिका विद्यालय आर्थिक रूप से वंचित और वंचित समुदायों की बालिकाओं के लिए वरदान है। एनआईओएस इसे निरंतर सहयोग प्रदान करता है। राजस्थान राज्य में, एनआईओएस ने 200 से अधिक केजीबीवी का संचालन किया, जिनमें 7000 से 7500 शिक्षार्थियों का वार्षिक नामांकन रहा था।

The hallmark of NIOS is its flexibility both in terms of its curriculum and delivery of the courses. NIOS supported Vocational Courses through Online Learning and disciplines such as Community Health, Yoga Teacher Training Program, Cutting & Tailoring, Beauty Culture, ECCE, and others that were available at its authorised vocational study centres. Various MOUs were signed and renewed with various Central and State Government institutions, including the National Health Mission in Maharashtra, the Kasturba Gandhi Balika Vidyalaya (KGBV), Gandhinagar, the Food Safety Standards Authority of India (FSSAI), the Indian Medical Association (IMA), and others. We have successfully integrated academic subjects with vocational and skill development affectively linking education with livelihood.

The learners at NIOS study through Open and Distance learning, with limited contact sessions with the subject teachers at their Study Centers (Accredited Institutes) as per their needs. The contact sessions at the AI provide these learners with academic support in the form of problem-solving sessions. NIOS is always coming up with new ways to improve services for learners and other stakeholders. The Computer Unit of NIOS is implementing an unequaled process by introducing a Geo-tagging technology for the distribution of Examination Centers. With the help of this innovation, a learner can get to the examination centre within a 40-kilometer radius of the designated study centre.

NIOS in collaboration with "Pradhan Mantri Gramin Digital Saksharta Abhiyan' (PMGDISHA) is aimed at empowering the citizens in rural areas by training them to operate computer or digital devices and hence enabling them to use the information technology and related applications especially Digital Payments to actively participate in the process of nation building. NIOS would give digital literacy training to 06 million people, one for every eligible home in rural India in each State/UT. About 98 lakh learners have been certified till now under this scheme.

NIOS along with government of Jharkhand initiated the "Tejaswini Project", to promote Socio Economic Empowerment of Adolescent Girls and Young Women (AGYW) between the age group 14-24 years in 17 districts of the states comprising mainly of Scheduled Castes(SC) and Scheduled Tribes (ST) girls. This project intends to improve their abilities and assist them in obtaining education, training, employment, and admittance into the skilled labour in developing areas of the economy.

Kasturba Balika Vidyalaya which is a lifeline for girls from economically disadvantaged and underprivileged communities is constantly supported by NIOS. In the state of Rajasthan, NIOS administered more than 200 KGBVs in Rajasthan, with annual enrollments ranging from 7000 to 7500 pupils.

इसके अतिरिक्त एनआईओएस ने जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) के सफल लाभार्थियों के प्रमाणीकरण की संभावनाओं का विस्तार करने के लिए कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई), जन शिक्षण संस्थान निदेशालय (जेएसएस) के साथ समझौता ज्ञापन किया। इसमें जेएसएस के लगभग 9 लाख लाभार्थी गैर-साक्षर, नव-साक्षरों और प्रारंभिक स्तर के व्यक्ति शामिल हैं।

एनआईओएस ने यौगिक विज्ञान में दो वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी आरंभ किया है। इस पाठ्यक्रम में दस विषय शामिल हैं, प्रथम वर्ष में शिक्षक अनुदेशन के लिए पांच तथा द्वितीय वर्ष में योग चिकित्सा के लिए पांच विषय हैं, जिसमें प्रायोगिक प्रशिक्षण शामिल है। इस कार्यक्रम में नामांकन के लिए किसी भी प्रत्यायित बोर्ड से 10+2 का प्रमाणपत्र होना चाहिए। जो शिक्षार्थी योग के माध्यम से थैरेपी में कार्य करने के इच्छुक हैं, वे इस क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं।

एनआईओएस ने जेंडर ग्रीन शिक्षक परियोजना का आरंभ किया, जिसमें पर्यावरण और जेंडर के क्षेत्र में माध्यमिक स्तर के शिक्षकों के लिए सेवारत व्यावसायिक विकास के साथ शिक्षक चिकित्सकों का एक मजबूत आईसीटी-सक्षम नेटवर्क शामिल है। इसका सामान्य उद्देश्य शिक्षक और शिक्षार्थी दोनों स्तरों पर ज्ञान का विकास करना, दृष्टिकोण में सुधार तथा पर्यावरण और जेंडर दोनों में उत्तरदायित्व पूर्ण कार्यविधियों को बेहतर करना है।

वर्तमान में यूएन वीमेन एनआईओएस के माध्यम से सेकेंड चांस एजुकेशन एंड वोकेशनल लर्निंग (एससीई) नामक कार्यक्रम क्रियान्वित कर रही है, जिसका उद्देश्य सबसे अधिक हाशिए पर रहने वाली महिलाओं को सशक्त बनाना है, जो गरीबी तथा जेंडर आधारित भेदभाव के कारण बहुत कम आयु में शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रहीं अथवा छोड़ने के लिए मजबूर हुईं। कार्यक्रम की योजना, अधिगम, रोजगार और उद्यमिता की प्रणालियों का उपयोग करके सशक्तिकरण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने की है।

एनआईओएस में हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र-निर्माण के उच्चतम लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसका उद्देश्य व्यावसायिक कौशल पाठ्यक्रमों में प्रमाणपत्र/डिप्लोमा के साथ-साथ मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से नवाचार और नए विचारों को एकीकृत करना है। हम राज्य और राष्ट्रीय संस्थानों/संगठनों, एनआईओएस प्राधिकृत संस्थानों, विद्वानों तथा अन्य सभी के निरंतर सहयोग, सहायता, अनवरत और सतत समर्थन के लिए आभारी हैं।

मैं उन विदेशी संगठनों की आभारी हूँ जिन्होंने मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए एनआईओएस का सहयोग किया। एनआईओएस वेबसाइट पर हमारे कार्यक्रमों और गतिविधियों के बारे में जानकारी हमेशा अद्यतन रहती है। आपकी ओर से नए विचारों और सुझावों का सदैव स्वागत है।

प्रो. सरोज शर्मा
अध्यक्ष, एनआईओएस

In addition, NIOS signed an MoU with the Ministry of Skill Development & Entrepreneurship (MSDE), Directorate of Jan Shikshan Sansthan (JSS) to explore the possibility of certification of the successful beneficiaries of Jan Shikshan Sansthan (JSS). There are about 9 lakh beneficiaries of JSS under the category of non-literates, neo-literates and persons with rudimentary level.

A two-year Diploma Course in Yogic Science is also offered by NIOS. This course contains ten subjects, five in the first year for Teacher Instruction and five in the second year for Yoga Therapy, which includes practical training. The criteria to enrol in this programme is 10+2 from any accredited Board. Candidates who are interested in working in therapy through yoga can pursue a career in this field.

NIOS also launched the Gender Green Teacher Project, which includes in-service professional development for secondary level teachers in the fields of environment and gender, as well as a robust ICT-enabled network of teacher practitioners. The general goal is to develop knowledge, modify attitudes and improve responsible methodologies in both the environment and gender, at both the teacher and student levels.

UN Women is currently implementing a programme through NIOS called *Second Chance Education and Vocational Learning (SCE)* which is aimed at empowerment of the most marginalized women who, owing to poverty and gender-based discrimination, have been denied access to or have dropped out of education at an early age. The programme plans to undertake a holistic approach to empowerment using the pathways of learning, employment and entrepreneurship.

We at NIOS are dedicated to achieving the highest goal of nation-building through quality education, with the mission of integrating and bringing innovation and new ideas through open and distance learning modes, as well as certificate/diploma vocational skill courses. We are grateful for the contributions of State and National institutions/organizations, NIOS authorized institutions, scholars and others for their incessant and perpetual support.

I am grateful to foreign organizations that have collaborated with NIOS to advance the cause of Open and Distance Learning. The information on the NIOS website about its programmes and activities is always up to date. New ideas and suggestions, on the other hand, are always welcome.

Prof. Saroj Sharma
Chairperson, NIOS

# विषय-सूची


| क्र.सं. | विषय | पृष्ठ सं. |
| --- | --- | --- |
| 1. | सारांश | 1-13 |
| 2. | परिचय | 14-18 |
| 3. | शैक्षिक कार्यक्रम | 19-34 |
| 4. | व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम | 35-42 |
| 5. | विद्यार्थी सहायता सेवाएँ | 43-63 |
| 6. | परीक्षा एवं मूल्यांकन | 64-75 |
| 7. | प्रशासन एवं लेखा | 76-89 |
| 8. | क्षेत्रीय सेवाएँ | 90-99 |
| 9. | सक्षमता निर्माण प्रकोष्ठ | 100-103 |
| 10. | मीडिया कार्यक्रम | 104-107 |
| 11. | सूचना एवं संप्रेषण प्रौद्योगिकी | 108-114 |
| 12. | पुस्तकालय, प्रलेखन और पुरालेख अनुभाग | 115-120 |
| 13. | सूचना का अधिकार | 121-123 |
| 14. | हिंदी का प्रसार | 124-126 |
| **परिशिष्ट एवं संलग्नक** | | 127-148 |

- ➥ संलग्नक I क : एनआईओएस : शुल्क से प्राप्त आय की प्रवृत्तियाँ
- ➥ संलग्नक I ख : एनआईओएस : अन्य आय की प्रवृत्तियाँ
- ➥ संलग्नक I ग : एनआईओएस : कुल आय
- ➥ संलग्नक II : एनआईओएस की स्व-निर्मित निधियों से व्यय (2010-11 से)
- ➥ संलग्नक III : एनआईओएस के योजनागत व्यय (2010-11 से)
- ➥ संलग्नक IV : 2010-2011 से मा.सं.वि.मं. से प्राप्त वर्षवार बजट सहायता
- ➥ संलग्नक V : 2010-11 से प्राथमिकता प्राप्त समूहों को एनआईओएस द्वारा दी गई अनुवृत्तियाँ

- ➤ परिशिष्ट क : एनआईओएस की महासमिति
- ➤ परिशिष्ट ख : एनआईओएस की कार्यकारी परिषद्
- ➤ परिशिष्ट ग : एनआईओएस की वित्त समिति
- ➤ परिशिष्ट घ : एनआईओएस की शैक्षिक परिषद
- ➤ परिशिष्ट ड. : एनआईओएस के स्वीकृत पद

# Content


| S.No. | Topics | Page. No. |
|---|---|---|
| 1. | Executive Summary | 1-13 |
| 2. | Introduction | 14-18 |
| 3. | Academic Programmes | 19-34 |
| 4. | Vocational Education Programmes | 35-42 |
| 5. | Student Support Services | 43-63 |
| 6. | Examination and Evaluation | 64-75 |
| 7. | Administration and Accounts | 76-89 |
| 8. | Regional Services | 90-99 |
| 9. | Capacity Building Cell | 100-103 |
| 10. | Media Programmes | 104-107 |
| 11. | Information and Communication Technology | 108-114 |
| 12. | Library, Documentation and Archival Section | 115-120 |
| 13. | Right to Information | 121-123 |
| 14. | Promotion of Hindi | 124-126 |
| **Annexures and Appendices** | | 127-148 |
| ➥ | Annexure-IA: NIOS: Trends of Income from Fees | |
| ➥ | Annexure-IB: NIOS: Trends of Other Income | |
| ➥ | Annexure-IC: NIOS: Total Income | |
| ➥ | Annexure-II: NIOS Expenditure from its own Generated Funds (2010-11 Onwards) | |
| ➥ | Annexure-III: NIOS Plan Expenditure (2010-11 Onwards) | |
| ➥ | Annexure-IV: Year-wise Budgetary Support to NIOS from the MHRD since 2010-11 | |
| ➥ | Annexure-V: Subsidies given by NIOS to Prioritised Groups since 2010-11 | |
| ➤ | Appendix A: General Body of NIOS | |
| ➤ | Appendix B: Executive Board of NIOS | |
| ➤ | Appendix C: Finance Committee of NIOS | |
| ➤ | Appendix D: Academic Council of NIOS | |
| ➤ | Appendix E: Sanctioned Posts in NIOS | |

# सारांश
# Executive Summary

## परिचय

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) की स्थापना वर्ष 1979 में सीबीएसई की मुक्त विद्यालय परियोजना को समामेलित कर मानव संसाधन विकास मंत्रालय (अब शिक्षा मंत्रालय), भारत सरकार द्वारा एक स्वायत्त संस्था के रूप में 1989 में की गई। वर्ष 2002 तक इसे राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय के नाम से जाना जाता था। एनआईओएस मुक्त और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से ऐसे लोगों को शिक्षा के अवसर प्रदान करता है जो आगे पढ़ना चाहते हैं और बेहतर भविष्य बनाना चाहते हैं। एनआईओएस का मिशन विशेष रूप से बालिकाओं और महिलाओं, ग्रामीण युवाओं, कामकाजी लोगों, अनु.जा./अ.ज.जा. शारीरिक तथा मानसिक रूप से अक्षम तथा अन्य वंचित समूहों को शिक्षा प्रदान करना है।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) विश्व की सबसे बड़ी मुक्त विद्यालयी शिक्षा प्रणाली है, जो शिक्षा वंचितों तक शिक्षा पहुँचाने के लिए समर्पित है। एनआईओएस एक राष्ट्रीय स्रोत संगठन के रूप में मुक्त विद्यालयी शिक्षा के लिए पूर्व स्नातक स्तर तक कराए जाने वाले पाठ्यक्रमों के आधार पर अपनी स्व-अध्ययन सामग्री (एसएलएम) बनाता है।

यह शिक्षण और अधिगम में सहायता के लिए ऑडियो और वीडियो भी बनाता है। यह अध्ययन सामग्री शिक्षार्थियों में आलोचनात्मक सोच और रचनात्मक कल्पना को बढ़ावा देती है, क्योंकि इससे वे विषय को बेहतर ढ़ंग से समझ पाते हैं। एनआईओएस में विषयों तथा अधिगम शैलियों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ-साथ अध्ययन की विभिन्न अनूठी विधियाँ हैं। यह वर्ष में दो बार सार्वजनिक परीक्षा आयोजित कर आज के शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। यह वर्ष भर जब चाहो तब परीक्षा भी कराता है।

समाज के विविध वर्गों को अपने कार्यक्रमों से शैक्षिक सहायता प्रदान करने के लिए एनआईओएस औपचारिक विद्यालयों और संगठनों को प्रत्यायित करता है। यह अपने विभिन्न हितधारकों के लिए विविध प्रकार के सक्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करता है।

एनआईओएस ने 462 नई संस्थाओं को प्रत्यायित किया जिनमें अध्ययन केंद्रों के रूप में 208 शैक्षिक प्रत्यायित संस्थाएं (एआई) 234 प्रत्यायित व्यावसायिक संस्थाएं (एवीआई) और मुक्त बेसिक शिक्षा कार्यक्रम (ओबीई) के अंतर्गत 20 प्रत्यायित एजेंसियां (एए) शामिल हैं। शैक्षिक

## Introduction

The National Institute of Open Schooling (NIOS) was set up by the Ministry of Human Resource Development (Now Ministry of Education), Government of India as an autonomous organization in 1989 by amalgamating Open School project of CBSE started in 1979. It was known as National Open School till 2002. NIOS provides educational opportunities using Open and Distance learning mode to persons who wish to continue study and desire for a better tomorrow. The Mission of NIOS is to provide education for all with special concern for girls and women, rural youth, working people, SC/ST, physically and mentally challenged and other disadvantaged groups.

The National Institute of Open Schooling (NIOS) is the world's largest open schooling system, dedicated to reaching out to the unreached. NIOS, as a National Resource Organization for Open Schooling, creates its own Self-Learning Material (SLM) based on the courses it offers up to the pre-degree level.

It also creates audio and video assistance aids to support teaching and learning.  The study material fosters critical thinking and creative imagination in learners as they get a better comprehension of the subject. NIOS has a wide range of subjects and learning styles, as well as several unique learning methods. It accommodates to the needs of today's learners by holding  public examinations twice in a year.It also offers an On-Demand Examination throughout the year.

To provide academic support to its programmes for a diverse section of society, NIOS gives accreditation to formal schools and organisations. It organises a variety of capacity-building programmes its different stakeholders.

NIOS accredited 462 new institutes, including 208 Academic Accredited Institutes (AIs), 234 Accredited Vocational Institutes (AVIs), and 20 Accredited Agencies (AAs) under the OBE programme as Study Centres. In the academic year 2020-

वर्ष 2020-21 में विभिन्न मुस्लिम अल्पसंख्यक संस्थाओं और मदरसों सहित 1300 से अधिक प्रत्यायित एजेंसियां (एए) थीं।

एनआईओएस का मुख्यालय नोएडा, उत्तर प्रदेश में स्थित है। एनआईओएस का संचालन एक महासमिति, एक कार्यकारी बोर्ड और एक वित्त समिति द्वारा किया जाता है। अध्यक्ष, एनआईओएस संस्था के सर्वोच्च कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्य करते हैं जो शैक्षिक, व्यावसायिक शिक्षा, विद्यार्थी सहायता सेवाएँ, मूल्यांकन और प्रशासन जैसे पांच विभागों के माध्यम से संचालन करते हैं। देशभर में इसके ऐसे 23 क्षेत्रीय केन्द्रों, दो उप-क्षेत्रीय केन्द्रों, दो क्षेत्रीय प्रकोष्ठ हैं।

## 1.1 शैक्षिक कार्यक्रम

- वर्ष 2020-21 के दौरान, एनआईओएस के शैक्षिक पाठ्यक्रमों में 371661 शिक्षार्थियों को नामांकित किया गया। माध्यमिक पाठ्यक्रमों के लिए 1,61,468और उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रमों के लिए 2,10,193 शिक्षार्थियों ने नामांकन कराया।
- कोविड-19 महामारी के दौरान, एनआईओएस ने स्वयं प्रभा - पाणिनी (माध्यमिक) और शारदा (उच्चतर माध्यमिक) पर प्रतिदिन सजीव कार्यक्रमों के प्रसारण आरंभ किया। इस पहल के माध्यम से, एनआईओएस देश भर में शिक्षार्थियों तक सफलतापूर्वक पहुंचने में सक्षम हुआ विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में जहां इस मुश्किल समय के दौरान इंटरनेट की पहुंच सीमित थी।
- एक नई पहल के रूप में, एनआईओएस ने वर्ष 2020-2021 में ई-विद्या चैनलों के माध्यम से माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर के सभी विषयों के शिक्षार्थियों के लिए सजीव व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम आयोजित करना आरंभ किया। इस पहल ने शिक्षार्थियों को दोतरफा संप्रेषण माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने के अवसर प्रदान किए , जिससे शिक्षार्थी आसानी से अपने संदेह को दूर कर सके।
- माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर शैक्षिक पाठ्यक्रमों के लिए क्षेत्रवार प्रवेश आंकड़ों का एक विश्लेषण दर्शाता है कि शिक्षार्थियों का सबसे अधिक नामांकन दिल्ली क्षेत्र (1,27,233) में हुआ, उसके बाद चंडीगढ़ क्षेत्र (45,707) और देहरादून क्षेत्र (35,790) में हुआ। वर्गवार प्रवेश के संबंध में, यह सामान्य वर्ग (77.1%) का सबसे अधिक नामांकन रहा। वर्ष 2019-20 के दौरान नामांकन का लिंगवार विश्लेषण दर्शाता है कि 66.7% पुरुष और 33.1% महिलाएँ थीं। शैक्षिक पाठ्यक्रमों में नामांकन कराने वाले 64% शिक्षार्थी 14-20 वर्ष के आयु समूह के थे, 16% शिक्षार्थी 21-25 वर्ष के आयु समूह के थे।
- मुक्त बेसिक शिक्षा कार्यक्रम (ओबीई) के अंतर्गत 6-14 वर्ष के आयुवर्ग तथा 14 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रौढ़ों के लिए हिंदी माध्यम में सभी तीन स्तरों पर उत्कृष्ट स्व-अध्ययन सामग्री तैयार की गई। अध्ययन सामग्री स्कूली शिक्षा के तीनों स्तरों यथा-स्तर 'क' (कक्षा-III), स्तर 'ख' (कक्षा V) तथा स्तर 'ग' (कक्षा

21, there were over 1300 Accredited Agencies (AAs), including many Muslim Minority Institutions and Madrasas.

The National Institute of Open Schooling is headquartered in NOIDA, Uttar Pradesh. NIOS is governed by a General Body, an Executive Board, and a Finance Committee.The Chairperson of the NIOS works as the institute's Chief Executive Officer and supervises five departments: Academic, Vocational Education, Student Support Services, Evaluation, and Administration. There are 23 Regional Centres, two Sub-Regional Centres, and two Regional Cells across the country.

## 1.1 Academic Programmes

- During the year 2020-21, 371661 learners were enrolled in Academic Courses of NIOS, 161468 of the students were enrolled for the Secondary Courses and 210193 for the Senior Secondary Courses.
- During the Covid-19 pandemic, NIOS pioneered the practise of broadcasting live programmes on Swayam Prabha – Panini (Secondary) and Sharda (Senior Secondary) every day. Through this initiative, NIOS was able to successfully reach out to learners across the country, particularly those in remote areas where internet access was limited during these difficult times.
- As a new initiative, NIOS began conducting live Personal Contact Programmes for learners in all subjects at the Secondary and Senior Secondary levels through e-vidya channels in 2020-2021.This initiative provided learning opportunities with a two-way communication medium, allowing learners to easily clear their doubts.
- An analysis of the region-wise admission data for the Academic Courses at the Secondary and the Senior Secondary levels shows that maximum number of learners were enrolled in the Delhi region (1,27,233) followed by Chandigarh region (45,707) and Dehradun region (35,790). As regards to Category wise admission, it was highest in the general category (77.1%). Gender-wise analysis of enrolment during 2020-21 shows that 66.7% candidates were male and 33.1% candidates were female. 64% learners enrolled in the academic courses were in the age group of 14-20 years and 16% learners were in the age group of 21-25 years.
- Under the Open Basic Education (OBE) programme, exemplary Self Learning Material (SLM) were developed at all three levels in Hindi medium for children in the age group of 6-14 years and also for 14+ adults. The study material was developed for the three levels of school

VIII) के लिए तैयार की गई। स्व-अध्ययन सामग्री के अंग्रेजी माध्यम में अनुवाद हेतु कदम उठाए गए। पर्यावरण अध्ययन, गणित, बेसिक कम्प्यूटर कौशल, विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान की स्व-अध्ययन सामग्री का तीनों स्तरों पर अनुवाद किया गया तथा इसे एनआईओएस की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया।

- वर्ष 2020-21 के दौरान, शिक्षार्थी के लिए माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तर पर विभिन्न विषयों में मूल्यांकन कार्य तैयार किए गए तथा अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू माध्यमों में लिए गए। अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भी दोनों स्तरों पर मूल्यांकन कार्य उपलब्ध कराए गए।
- मुक्त विद्यावाणी से सभी माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विषयों में एक घंटे के सजीव व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम प्रसारित किये। एनआईओएस ने शिक्षार्थियों के लिए अपने सामुदायिक रेडियो और मुक्त विद्या वाणी वेब स्ट्रीमिंग का एकीकरण किया।
- एनआईओएस ने शिक्षा को अधिक आकर्षक और व्यापक बनाने के लिए कार्यपत्रक तैयार करना आरंभ किया। प्रत्येक कार्यपत्रक में प्रश्नों के दस सेट होते हैं जिससे शिक्षार्थी व्यक्तिगत अनुभवों के साथ-साथ अपने ज्ञान के बारे में सोचेंगे और उसका प्रयोग करेंगे।
- एनआईओएस भूगोल, व्यवसाय अध्ययन इत्यादि जैसे विभिन्न विषयों में एनसीईआरटी के लिए वीडियो ट्यूटोरियल।
- एनआईओएस ने उच्चतर माध्यमिक स्तर पर स्व-अध्ययन सामग्री के क्यूआर (क्विक रिस्पांस) कोड तथा डिजिटलीकरण आरंभ किया।
- एनआईओएस ने माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर विभिन्न विषयों में स्व-अध्ययन सामग्री का क्यूआर (क्विक रिस्पांस) कोड तथा डिजिटलीकरण की शुरुआत की।
- भारतीय ज्ञान परम्परा की अध्ययन सामग्री का विमोचन
- शैक्षिक विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में मूल्यांकन और मूल्यांकन रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए एक कोर समिति की बैठक में भाग लिया।
- शिक्षक पर्व के तहत 'देश में शिक्षा के वैकल्पिक मॉडल तैयार करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति' विषय पर एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया।
- राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान और राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद ने तीन सिंधी भाषा के पाठ्यक्रम निर्माण मूल्यांकन और प्रमाणपत्र के लिए 23 मार्च 2021 को एक समझौता ज्ञापन किया।

education that are Level A (class III), Level B (Class V), and level C (Class VIII). Steps were taken to translate the SLMs in English medium. The Self Learning Material of Environmental Studies, Mathematics, Basic Computer Skills, Science and Social Science were translated at all three levels and were made available on the NIOS website.

- During 2020-21, Assignments for learners were developed in various subjects, and were written in English, Hindi and Urdu mediums at both the Secondary and the Senior Secondary levels. Assignments were also made available in other Regional mediums at both levels.
- Mukta Vidya Vani broadcasted one-hour live Personal Contact Programmes in all Secondary and Senior Secondary subjects. NIOS has integrated its Community Radio with Mukta Vidya Vani Web Based Audio Streaming for learners.
- NIOS initiated the development of worksheets to make learning more engaging and comprehensive. Each worksheet contains ten sets of questions that will allow learners to think about and apply their knowledge along with their personal experiences.
- NIOS initiated development of Video tutorials for NCERT in different subjects like, geography, Business studies etc.
- NIOS introduced QR (Quick Response) code and digitisation of SLMs at the Senior Secondary level.
- NIOS has introduced the QR (Quick Response) Code and digitization of SLM in different subjects at Secondary and Senior Secondary Level.
- Release of Study Material of Bhartiya Jnana Prampara (Indian Knowledge Tradition)
- The Academic Department attended a Core Committee meeting to discuss assessment and evaluation strategies in the light of NEP.
- A National Webinar was conducted on the topic 'National Education Policy for developing Alternative Models of Education in the country' under the banner of Shikshak Parv
- National Institute of Open Schooling and National Council for Promotion of Sindhi language signed an MoU on 23rd March 2021 for curriculum development, assessment and Certification for three Sindhi Language Learning Courses.

- दिव्यांगजनों के लिए शिक्षा को सुविधाजनक बनाने के लिए डेजी-सक्षम बोलती पुस्तकें एक सक्रिय कदम के रूप में आरंभ की गई थीं।
- माध्यमिक स्तर पर अंग्रेजी, हिंदी, सामाजिक विज्ञान, गृह विज्ञान, चित्रकला, डॉटा एंट्री कार्य, और भारतीय संस्कृति और विरासत जैसे सात विषयों में सांकेतिक भाषा में 140 पाठ्यक्रम-आधारित वीडियो विकसित किए गए हैं और दिव्यांगजनों की शिक्षा के लिए योग पाठ्यक्रम आधारित वीडियो बनाए गए और दिव्यांगजनों की शिक्षा के लिए योग पाठ्यक्रम तैयार किया गया।
- एनआईओएस झारखंड सरकार के सहयोग से झारखंड में किशोरियों तथा युवतियों के सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण हेतु 'तेजस्विनी' परियोजना पर काम कर रहा है, जिसका उद्देश्य 14-24 वर्ष वाले आयु वर्ग की स्कूल छोड़ देने वाली 50,000 किशोरियों तथा युवतियों की माध्यमिक शिक्षा पूरी कराना है।
- कोल के सहयोग से जेंडर ग्रीन टीचर परियोजना, पर्यावरण तथा जेंडर के क्षेत्र में माध्यमिक स्तर के शिक्षकों के लिए सेवारत व्यावसायिक विकास से समर्थित आईसीटी से संबंधित है।

## 1.2 व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम

- एनआईओएस छह प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में 100 से अधिक व्यावसायिक पाठ्यक्रम कराता है जिसमें योग सहित कृषि और पशुपालन, गृह विज्ञान और आतिथ्य, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी सहित स्वास्थ्य और पराचिकित्सा शामिल हैं। यह पाठ्यक्रम राष्ट्रीय विकास परिषदों के साथ उपलब्ध राष्ट्रीय व्यवसाय मानकों के अनुसार शिक्षाविदों तथा उद्यमियों के सहयोग से डिजाइन तथा तैयार किए गए हैं।
- वर्ष 2020-21 के दौरान विभिन्न व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों में 24448 शिक्षार्थियों का नामांकन हुआ।
- इस अवधि के दौरान, निम्नलिखित पाठ्यक्रम तैयार / अद्यतन किए गए : भारतीय कढ़ाई, बेसिक कंप्यूटिंग, कंप्यूटर एप्लीकेशन में प्रमाणपत्र, डिजिटल सेवाएं प्रबंधन, वर्मीकम्पोस्टिंग, यौगिक विज्ञान में डिप्लोमा।
- एनएसक्यूएफ दिशानिर्देशों के अनुसार निम्नलिखित पाठ्यक्रम तैयार किए गए : मेडिकल लेबोरेट्री टैक्नोलॉजी में डिप्लोमा; कंप्यूटर एप्लीकेशन्स में प्रमाणपत्र; बेसिक कंप्यूटिंग में प्रमाणपपत्र; योग शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमाणपत्र; डेयरी ऑपरेटर में प्रमाणपत्र; वेब डेवलपमेंट में प्रमाणपत्र।
- एनआईओएस ने अनु.जा. अनु.ज.जा. और गरीबी रेखा से नीचे की श्रेणियों की बालिकाओं/महिलाओं को सशक्त बनाने तथा निःशुल्क प्रशिक्षित करने के लिए अमेठी में एक कौशल विकास केंद्र की स्थापना की। श्रीमती स्मृति ईरानी, वस्त्र और महिला एवं बाल

- DAISY-enabled Talking Books were introduced as a proactive step toward facilitating education towards Divyangjans.
- 140 curriculum-based videos in Sign Language in seven subjects, namely English, Hindi, Social Science, Home Science, Painting, Data Entry Operations, and Indian Culture and Heritage at the Secondary level, and Yog, have been developed for Divyangjans' education.
- NIOS in collaboration with Government of Jharkhand is working on the Project 'Tejaswini for Socio-economic empowerment of Adolescent Girls and Young Women in Jharkhand. Its objective is to boost completion of the Secondary level education for 50,000 dropouts of school adolescent girls and young women in the age group of 14-24.
- The Gender Green Teacher project in collaboration with COL is related to ICT enabled in-service professional development for the Secondary level teachers in the areas of Environment and Gender.

## 1.2 Vocational Education Programmes

- The NIOS offers more than 100 vocational courses in six major vocational sectors which include Agriculture & Animal Husbandry, Home Science & Hospitality, Engineering & Technology, Computer & Information Technology and Health & Paramedical including Yoga. The courses are developed and designed with the involvement of academicians and entrepreneurs as per the National Occupation Standards as available with National Skill Development Council.
- During the year 2020-21, the enrolment of students in various Vocational Education programmes was 24448.
- During this period, the following courses were developed/ updated:Indian Embroidery course : Basic Computing, Certificate in Computer Applications, Digital Services Management, Vermicomposting ,Diploma in Yogic Science.
- The following courses were aligned as per NSQF Guidelines: Diploma in Medical Laboratory Technology; Certificate in Computer Applications; Certificate in Basic Computing; Certificate in Yoga Teachers Training Programme; Certificate in Dairy Operator; Certificate in Web Development.
- NIOS has set up a Skill Development Centre in Amethi to train and empower SC, ST, and BPL categories of girls / women free of cost. Minister of Textiles and Women and Child Development, Smt. Smriti Irani, inaugurated

विकास मंत्री ने एनआईओएस क्षेत्रीय केंद्र, अमेठी में कौशल विकास प्रयोगशाला का उद्घाटन किया।

- 300 हस्तशिल्प कारीगरों के लिए उत्तर प्रदेश के वाराणसी, चंदौली और जौनपुर जिलों में वर्चुअल प्रशिक्षण आरंभ किया गया।
- वर्ष 2020 के दौरान व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन की गई। शिक्षा मंत्रालय से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुसार, एनआईओएस ने सीबीएसई और पीएसएससीआईवीई के साथ व्यावसायिक विषयों के लिए संयुक्त रूप से ऑनलाइन क्रेडिट पाठ्यक्रम तैयार करना आरंभ किया, जो हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध कराया जाएगा।
- इस विभाग ने भारत सरकार के स्वयं मंच के लिए, शिक्षार्थियों के लाभार्थ मूक्स के रूप में प्रदान किए जाने वाले तीन से अधिक पाठ्यक्रम आरंभ किए हैं। ये पाठ्यक्रम हैं – बालों की देखभाल और स्टाइलिंग, मशरूम उत्पादन और सामुदायिक स्वास्थ्य।

राज्य सरकारों के साथ निम्नलिखित समझौता ज्ञापन किए गए, नवीकृत किए गए:

- भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के साथ प्रथम संयुक्त समन्वयन समिति।
- कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी), गांधीनगर के लिए प्रशिक्षण।
- एनआईओएस ने बिहार राज्य में चार लाख अप्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित करने के लिए राज्य स्वास्थ्य सोसायटी, भारत सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन किया।
- एनआईओएस क्षेत्रीय केंद्र, अमेठी में बालिकाओं की प्रायोगिक और सिद्धांत परीक्षा आयोजित करने के लिए कौशल विकास केंद्र।
- व्यावसायिक शिक्षा विभाग के रजिस्टर सहित मानक संचालन प्रक्रिया का पुनरीक्षण किया गया और आईएसओ 2015: 9001 प्रमाणीकरण के गुणवत्ता मानक को पूरा करने के लिए अद्यतन किया गया।
- एनआईओएस ने 6वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। एनआईओएस ने इस अवसर पर आयुष मंत्रालय के सामान्य योग प्रोटोकॉल का अनुसरण करते हुए योगाभ्यास का प्रदर्शन किया।

## 1.3 विद्यार्थी सहायता सेवाएँ

- एनआईओएस का लक्ष्य शिक्षार्थियों को उनकी दहलीज पर शिक्षा प्रदान करना है जिससे वे अपने सुविधाजनक स्थान पर पढ़ाई कर सकें। इस परिप्रेक्ष्य में, एनआईओएस द्वारा ओबीई कार्यक्रम के अंतर्गत अध्ययन केंद्रों के रूप में 462 नई संस्थाएं, 208 शैक्षिक प्रत्यायित संस्थाएँ (एआई), 234 प्रत्यायित व्यावसायिक संस्थाएँ (एवीआई) और 20 प्रत्यायित एजेंसियों (एए) को एनआईओएस के अध्ययन केंद्रों के रूप में प्रत्यायित किया गया।

the Skill Development Lab at the NIOS Regional Center, Amethi.

- Training for 300 handicraft artisans was inaugurated virtually inVaranasi, Chandauli and Jaunpur districts of Uttar Pradesh.
- During 2020 the admission process of Vocational Education Courses was made completely on-line.As per the roadmap received from MoE, NIOS initiated to develop online credit courses for vocational subjects jointly with CBSE and PSSCIVE, which was to be made available in both Hindi and English.
- For the Swayam platform of the Govt of India, the department introduced three more courses as MOOCS for the benefit of the learners. These courses are Hair Care & Styling, Mushroom Production and Community Health.

The following MoUs were signed/renewed with the State Governments:

- First Joint Coordination Committee with Food Safety Standards Authority of India (FSSAI):
- Training for Kasturba Gandhi Balika Vidyalaya (KGBV), Gandhinagar.
- NIOS has signed an MoU with State Health Society, Govt. of Bihar to train four lakh untrained health workers in the State.
- Skill Development Centre in NIOS RC Amethi for conduct of practical and theory examination of girls at.
- The Standard Operating Procedure including register of the Vocational Education Department were revisited and updated to meet the quality standard of ISO 2015:9001 certification.
- NIOS commemorated the 6th International Day of Yoga. NIOS gave a demonstration of Yoga Practices using the Common Yoga Protocol of AYUSH Mantralaya on this occasion.

## 1.3 Student Support Services

- NIOS strives to deliver education at the doorsteps of its learners to enable them to study at places convenient to them. In this context, 462 new institutes including 208 Academic Accredited Institutes (AIs), 234 Accredited Vocational Institutes (AVIs), and 20 Accredited Agencies (HAs) under OBE programme were accredited by NIOS as Study Centres.

- मानित स्कूलों के अतिरिक्त, एनआईओएस ने देश के विभिन्न भागों में कारागारों में अपने अध्ययन केन्द्र स्थापित किए हैं।
- वर्ष 2020-21 के दौरान 371661 शिक्षार्थियों ने एनआईओएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया। एनआईओएस ने अल्पसंख्यक समुदायों के शैक्षिक रूप से पिछड़े बच्चों, किशोरों और प्रौढ़ों का अपने विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में नामांकन कर शिक्षा के दायरे में लाने के लिए विशेष प्रयास किए हैं।
- एनआईओएस ने प्रवेश के सभी स्ट्रीमों के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रणाली आरंभ की है। इससे शिक्षार्थियों को 24×7 प्रवेश सुविधा प्रदान की गई है। साथ ही, प्रवेश प्रणाली वैश्विक स्तर पर उपलब्ध करायी गई है।

ऑन लाइन प्रवेश की प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं :

- एनआईओएस से सीधा संपर्क
- तीव्रतर और आसान प्रवेश
- अध्ययन केंद्र का चयन : शिक्षार्थी की पसंद का अध्ययन केंद्र चुनने की स्वतंत्रता।
- प्रवेश 24x7 खुला : शिक्षार्थियों के लिए प्रवेश वर्ष भर खुला है।
- बेहतर सहायता सेवाएं : एनआईओएस के शिक्षार्थियों के साथ सीधा संपर्क और समस्याओं का शीघ्रता से निवारण
- ''एनआईओएस कार्यक्रमों के प्रचार के लिए रणनीतियाँ'' नामक एक प्रचार नीति तैयार की गई। एनआईओएस योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रचार के लिए एक सक्रिय प्रचार अभियान आरंभ किया गया। वर्ष 2020-21 के दौरान अल्पसंख्यक संस्थाओं के प्रत्यायन की वृद्धि दर 0.5% थी।
- एनआईओएस के क्षेत्रीय निदेशकों की बैठक एनआईओएस मुख्यालय में वर्चुअल माध्यम से आयोजित हुई। इन बैठकों में महत्वपूर्ण रणनीतियों जैसे नामांकन को बढ़ाने के लिए रणनीतियाँ, एनआईओएस के लिए प्रचार और प्रसार की रणनीतियां, एनआईओएस के भावी शिक्षार्थियों तक पहुँचना आदि मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

## 1.4 मूल्यांकन और अभिनिर्धारण

- वर्ष 2020-21 के दौरान आयोजित दो सार्वजनिक परीक्षाओं और विभिन्न जब चाहो तब परीक्षाओं के माध्यम से लगभग 7 लाख शिक्षार्थियों का मूल्यांकन और अभिनिर्धारण किया गया।
- वर्ष 2020-21 के दौरान कोविड-19 महामारी के कारण अप्रैल-2020 की सार्वजनिक परीक्षा रद्द कर दी गई और परिणाम की घोषणा बृहत फॉर्मूले के आधार पर की गई। अप्रैल 2020 की परीक्षा के लिए माध्यमिक में कुल 157472 शिक्षार्थिओं और उच्चतर माध्यमिक में 210023 शिक्षार्थियों का पंजीकरण किया गया।

- Apart from the affiliated schools, NIOS has set up its study Centres in Jails in various parts of the country.
- During the year 2020-21, 371661 learners took admission in NIOS courses.NIOS has made special efforts to bring educationally backward children, adolescents and adults belonging to minority communities within the fold of education by enrolling them in its various courses of study. Certain facilitative provisions for education of minorities were made.
- The Online admission system was introduced by NIOS for all the streams of admission. This has provided 24×7 admission facility to learners. Also, the admission system has been made available globally.

The salient features of online admission are as follows:

- Direct access to NIOS.
- Faster and Simpler Admission
- Choice of Study Centre: Freedom to select Study Centre of one's choice.
- Admission Open 24x7: Admission open round the year for learners.
- Better support services: Direct interaction of learners with NIOS, faster redressal of problems.
- An advocacy policy "Strategies for Advocacy of NIOS programmes" was developed. A vigorous advocacy campaign was launched to publicise the NIOS schemes and programmes. The growth rate of accreditation of Minority Institutions was 0.05% during the year 2020-21.
- A meeting of NIOS Regional Directors was held virtually at NIOS Headquarters. Important issues such as strategies for increasing enrolment, advocacy and publicity strategies, NIOS branding, reaching out to potential NIOS learners, and so on were discussed.

## 1.4 Evaluation and Assessment

- During 2020-21 evaluation and assessment of around 7 lakhs learners was carried out through two public examinations conducted and several "On Demand" Examinations.
- During the year 2020-21 due to COVID -19 pandemic the Public Examination of April-2020 was cancelled and the result were declared on the basis of a comprehensive formula. Total of 157472 learners in Secondary and 210023 learners in Senior Secondary was registered for April 2020 Examinations.

- कोविड-19 महामारी के कारण अक्तूबर, 2020 की परीक्षाएं भी स्थगित की गई और परीक्षा आयोजन के अनुकूल परिस्थिति होने पर कोविड-19 के सभी प्रोटोकॉल का अनुसरण करते हुए जनवरी-फरवरी 2021 में आयोजित की गई ।

- देशभर में 1073 परीक्षा केंद्रों में माध्यमिक में 88330 शिक्षार्थी, उच्चतर माध्यमिक में 119762 शिक्षार्थी और डी.एल.एड. और सामुदायिक स्वाथ्य हित व्यावसायिक परीक्षा में 15351 शिक्षार्थी उपस्थित हुए ।

- मूल्यांकन और प्रमाणन के लिए, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) को एनएलएमए द्वारा सार्वजनिक हिस्सेदारी के अंतर्गत नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया। एनआईओएस, एनएलएमए के सहयोग से प्रतिवर्ष दो चरणों अर्थात अगस्त और मार्च माह में नव-साक्षरों का मूल्यांकन करता है। वर्ष 2020-21 के दौरान, मार्च 2020 से 16 नवंबर 2020 तक लॉकडाउन के कारण मूल्यांकन रोक दिया गया था। मार्च, 2021 तक, एनआईओएस के कुल 90 लाख शिक्षार्थियों का सफलतापूर्वक मूल्यांकन किया गया और प्रमाणपत्र दिए गए।

- वर्ष 2020-21 के दौरान पीएमजीदिशा परियोजना के अंतर्गत एनआईओएस द्वारा लॉकडाउन के कारण मार्च 2020 से 16 नवंबर 2020 तक डिजिटल साक्षरता मूल्यांकन नहीं किया गया। मार्च, 2021 तक एनआईओएस द्वारा कुल 90 लाख शिक्षार्थियों का सफलतापूर्वक मूल्यांकन और प्रमाणपत्र दिए गए।

## आशा (प्रत्यायित सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) प्रमाणन कार्यक्रम

- जुलाई 2020 में होने वाली परीक्षा कोविड-19 महामारी के कारण रद्द कर दी गई। 25 फरवरी, 2021 को परीक्षा ली गई, जिसमें 10428 आशा शिक्षार्थियों ने भाग लिया और 8822 को प्रमाणपत्र दिए गए। आशा प्रमाणन परीक्षा में अब तक कुल 54,601 आशा परीक्षा में उपस्थित हुईं और पूरे भारत में 45,244 को प्रमाणित किया गया। इसके अतिरिक्त, एनआईओएस ने कुल 232 राज्य प्रशिक्षकों और 1006 जिला प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया।

## परीक्षा और मूल्यांकन विभाग द्वारा की गई कुछ नई पहलें:

- डाटा की पारदर्शिता और सटीकता के लिए ऑनलाइन प्रणाली तैयार की गई, जिसके परिणामस्वरूप परीक्षा सामग्री का मुद्रण और प्रेषण न करने से भारी मात्रा में कागज की बचत हुई।

- एनआईओएस ने माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रमों, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों और मुक्त बेसिक शिक्षा कार्यक्रमों के लिए पंजीकृत अपने सभी शिक्षार्थियों के लिए वर्ष 2015 डिजिलॉकर लागू किया। हाल की परीक्षाओं में सभी परिणाम दस्तावेज़ प्रत्येक शिक्षार्थी को डिजिलॉकर के माध्यम से प्रदान किए। वर्तमान में एनआईओएस के लगभग 40 लाख शिक्षार्थी डिजिलॉकर के माध्यम से लाभान्वित हुए हैं।

- The October 2020 Examination was also postponed due to COVID-19 pandemic and was held in Jan-Feb 2021 when the situation was conducive to conduct the examination following all COVID-19 protocols.

- Total of 88330 learners in Secondary, 119762 learners in Sr. Secondary and 15351 learners appeared in Vocational Examination including D.El.Ed. and Community Health in 1073 examination centres all over the country.

- For assessment and certification, the National Institute of Open Schooling (NIOS) was designated as the Nodal Agency by NLMA under Public & Public Partnership. The NIOS, in collaboration with NLMA conducts the assessment of neo-literates in two phases every year i.e in the months of August and March. During the year 2020-21, the assessment was on hold due to lockdown from March 2020 till 16th November 2020.Till March, 2021, total of 90 Lakhs learners were successfully assessed and certified by NIOS.

- During the year 2020-21, Conduct of Digital Literacy Assessment by NIOS under PMGDISHA Project was on hold due to lockdown from March 2020 till 16th November 2020.Till March, 2021, total of 90 Lakhs learners were successfully assessed and certified by NIOS.

## ASHA (Accredited Social Health Activists) Certification Programme

The examination scheduled for July 2020 was cancelled owing to the Covid-19 pandemic. The most recent examination was taken on February 25, 2021, in which 10428 ASHA applicants took part and 8822 were certified. A total of 54,601 ASHAs have appeared in the ASHA Certification exam so far, with 45,244 being certified across India.In addition, NIOS qualified a total of 232 state trainers and 1006 district trainers.

## Some new initiatives taken by examination and evaluation department:

- Online System was developed for examination and evaluation to ensure transparency and accuracy of data resulting in no printing and dispatch of examination materials saving huge quantity of papers.

- NIOS has implemented Digilocker in the year 2015 for all of its registered learners for Secondary and Senior Secondary courses, Vocational courses and Open Basic Education programs.In the recent exams all the result documents were provided to each learner through Digilocker. Presently about 40 lakh NIOS learners are benefitted through Digilocker.

## 1.5 प्रशासन एवं वित्त

- एनआईओएस का प्रशासन विभाग, एनओएस सोसाइटी के संघ के ज्ञापन, विभिन्न समितियों के गठन और सर्वोच्च समितियों की बैठकों का आयोजन, कार्मिक, विधि मामले और बजट/लेखा इत्यादि से संबंधित मामले का प्रभारी है। प्रशासन विभाग एनआईओएस के सभी विभागों के कार्यों में सहायता प्रदान करता है।
- वर्ष के दौरान शिक्षा मंत्रालय को 85 संसदीय प्रश्नों के उत्तर भेजे गए।
- एनआईओएस का वार्षिक लेखे सभी उच्चतर शिक्षा संस्थानों के लिए लागू और मानव संसाधन विकास मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानक प्रारूप में प्रोद्भवन आधार पर तैयार किए गए।
- एनआईओएस के सभी क्षेत्रीय केंद्रों में लेखों का कम्प्यूटरीकरण किया गया और सभी क्षेत्रीय केंद्रों के मासिक लेखे टैली 9.0 वर्जन में तैयार किए जा रहे हैं। सभी क्षेत्रीय केंद्रों के टैली डाटा का समामेलन 2020-21 में भी जारी रहा।
- वर्ष 2020-21 के दौरान एनआईओएस के प्रकाशन हैं :- माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक तथा व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों के लिए विभिन्न माध्यमों में स्व-अध्ययन सामग्री (एसआईएमएस) प्रकाशित की। विभिन्न विभागों (शैक्षिक, प्रशासन, मूल्यांकन, विद्यार्थी सहायता सेवाएँ, व्यावसायिक शिक्षा) और क्षेत्रीय केंद्र, दिल्ली सहित एनआईओएस के अन्य विभागों के लिए प्रकाशित विविध मदें।

## 1.6 क्षेत्रीय सेवाएँ

- एनआईओएस के क्षेत्रीय केन्द्रों ने प्रवेश, प्रशासन, पदोन्नति, योजना, मॉनीटरिंग, परीक्षा और मूल्यांकन की अपनी नियमित गतिविधियाँ कीं। एनआईओएस के क्षेत्रीय निदेशकों की एक बैठक एनआईओएस मुख्यालय में वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई जिनमें प्रचार, नामांकन, अनुशिक्षक अंकित मूल्यांकन कार्य (टीएमए), व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी) और अल्पसंख्यक शिक्षा के प्रसार के विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

## 1.7 सक्षमता निर्माण

- वर्ष के दौरान, सक्षमता निर्माण प्रकोष्ठ (सीबीसी) ने एनआईओएस के अधिकारियों/कर्मचारियों और अन्य पदाधिकारियों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं का आयोजन किया। कोविड 19 महामारी के कारण अधिकांश प्रशिक्षण और कार्यशालाएं वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गईं। वर्ष 2020-21 के दौरान निम्नांकित प्रशिक्षण और अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- ''साइबर सुरक्षा और गोपनीयता संरक्षण'', ''तनाव और समय प्रबंधन'', ''टैली ईआरपी 9 और एनआईओएस लेखा'', ''एनआईओएस प्रशासनिक कार्य'', ''सोशल मीडिया: प्रचार का

## 1.5 Administration and Finance

- The Administration Department of NIOS is in charge of various matters such as the Memorandum of Association of the NIOS Society, the constitution of various committees, the organisation of meetings of apex committees, personnel, legal, and budget/accounts issues, and so on. The Administration Department assists in the smooth operation of all NIOS constituents.
- 85 replies to Parliament Questions were sent to Ministry.
- The Annual Accounts of NIOS were prepared on accrual basis in Standard Format as applicable to all higher education institutes and prescribed by the Ministry of Human Resource Development, Government of India.
- The computerization of Accounts in all the Regional Centres of NIOS was adopted and the monthly accounts of all Regional Centres are being prepared in Tally 9.0 version. Synchronization of Tally data of all Regional Centres continued in 2020-21.
- During 2020-2021 NIOS published Self Instructional Material (SIMs) in different mediums for Secondary, Senior Secondary and Vocational Education Courses. Miscellaneous items published for different Departments (Academic, Administration, Evaluation, Student Support Services, and Vocational Education) and other constituents of NIOS including the Regional Centre, Delhi.

## 1.6 Regional Services

- The Regional Centres of NIOS carried out its regular activities of admission, administration, promotion, planning, monitoring, examination and evaluation. A meeting of Regional Directors of NIOS was held at NIOS Headquarters through virtual mode.In this meeting, issues such as advocacy, enrolment, Tutor Marked Assignment (TMA), Personal Contact Programme (PCP) and promotion of Minority Education were discussed.

## 1.7 Capacity Building

- During the year, CBC has organised various training programmes and workshops for capacity building of the officers/staff of NIOS and other functionaries. Due to COVID 19 pandemic most of the training & workshops were conducted in virtual mode.The following training and orientation programmes were organized during 2020-21.
- Virtual Training Orientation programmes on "Cyber Safety and Privacy Protection ,"Stress and Time Management" , "Tally.ERP9 and NIOS Accounts,"NIOS Administrative

एक प्रभावी उपकरण'', ''पारस्परिक संबंध और टीम वर्क'', ''कानूनी सूचना प्रबंधन और ब्रीफिंग सिस्टम (एलआईएमबीएस)'' पर वर्चुअल प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए।

➢ एनआईओएस ने विश्व हिंदी सचिवालय (विश्व हिंदी सचिवालय), मॉरीशस के साथ साझेदारी में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया जिसका शीर्षक सूचना और संचार प्रौद्योगिकी में हिंदी की भूमिका था।

➢ वर्ष के दौरान, पीएमजीदिशा के अंतर्गत डिजिटल साक्षरता के लिए लगभग 19 लाख शिक्षार्थियों का मूल्यांकन और प्रमाणपत्र दिए गए जिससे मार्च 2021 तक लाभार्थियों की कुल संख्या 99 लाख से अधिक हो गई।

➢ एनआईओएस ने वर्ष के दौरान दो सत्रों में स्वयं पर 13 माध्यमिक, 20 उच्चतर माध्यमिक और 8 व्यावसायिक पाठ्यक्रमों प्रस्तुत किए। एनआईओएस स्वयं पाठ्यक्रमों में 153 हजार से अधिक शिक्षार्थियों ने नामांकन कराया।

## 1.8 मीडिया कार्यक्रम

➢ कोविड-19 के कारण लॉकडाउन और स्कूलों के बंद होने के दौरान पढ़ाई में शिक्षार्थियों की सहायता प्रदान करने के लिए एनआईओएस ने माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक, व्यावसायिक और सांकेतिक भाषा में 6 घंटे की अवधि अर्थात् दोपहर 1.00 बजे से अपराह्न 7.00 बजे तक एनआईओएस के स्वयंप्रभा डीटीएच चैनलों पर सीधा प्रसारण किया।

➢ लगभग 313 इंटरैक्टिव पीसीपी कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण किया गया। ये पीसीपी शिक्षार्थियों को उनकी सुविधा के अनुसार देखने के लिए YouTube चैनल @NIOSLiveVideos पर उपलब्ध कराए गए हैं।

➢ सांकेतिक भाषा सहित शैक्षिक तथा व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों पर 358 वीडियो तैयार किए गए और इनका प्रसारण स्वयंप्रभा डीटीएच चैनलों तथा पीएम ई-विद्या चैनलों पर किया गया और ये वीडियो एनआईओएस के यूट्यूब चैनल पर भी उपलब्ध कराये गये।

➢ मीडिया इकाई द्वारा प्रस्तुत की गई विभिन्न विषयों की गुणवत्ता पूर्ण वीडियो सामग्री SWAYAM पोर्टल पर एनआईओएस मूक्स पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में अपलोड की गई। शिक्षार्थियों तक आसानी से पहुंचाने के लिए ये वीडियो एनआईओएस के कार्यालयी चैनल पर भी उपलब्ध कराए गए।

➢ वर्ष 2020-21 के दौरान रेडियो वाहिनी पर 200 रेडियो कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण किया गया। ये ऑडियो/रेडियो सामग्री YouTube चैनल - @NIOSRadioVahini पर भी उपलब्ध कराई गई।

Functions", "Social Media: An Effective Tool of Promotion","Interpersonal Relationship and Team Work",Legal Information Management and Briefing System (LIMBS) were held.

➢ NIOS, in partnership with the Viswa Hindi Sachivalaya (World Hindi Secretariat), Mauritius, hosted a two-day international webinar titled "Soochna evam Sanchar Prodyogiki aur Hindi" (Role of Hindi in Information and Communication Technology).

➢ During the year, about 19 lakh learners were assessed and certified for digital literacy under PMGDISHA, bringing the total number of beneficiaries to more than 99 lakhs by March 2021.

➢ NIOS offered 13 secondary, 20 senior secondary, and 8 vocational courses on SWAYAM in two sessions throughout the course. Over 153 thousand students have registered in NIOS SWAYAM courses.

## 1.8 Media Programme

➢ For providing learning support to the students during lockdown and closures of schools due to COVID-19, NIOS made live telecast of PCPs for 6 hours duration in Secondary, Sr.Secondary, Vocational and Sign Language i.e. 1.00 pm to 7.00 pm on theSwayam Prabha DTH Channels of NIOS.

➢ Live telecast of about 313 interactive PCP programmes was conducted. These PCPs were made available on the YouTube channel @NIOSLiveVideos for the learners to view as per their convenience.

➢ Around 358 videos on Academic and Vocational Education courses including Sign Language were produced and telecast on the SWAYAM PRABHA DTH channels and PM e-vidya Channels and made available on NIOS YouTube channel.

➢ The video content on various subjects produced by the Media Unit were uploaded as part of NIOS MOOCs courses on the SWAYAM Portal. These videos were also made available on NIOS official channel for easy access to learners.

➢ During 2020-21, 200 Radio Programmes were broadcast live on Radio Vahini. These Audio/Radio content were also made available on the YouTube channel - @NIOSRadioVahini.

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के संदर्भ में ''स्कूल शिक्षा के वैकल्पिक मॉडल'' ''परीक्षा सुधार'' और ''भारतीय ज्ञान परंपरा'' जैसे विषयों पर विभिन्न वृत्तचित्र फिल्मों प्रस्तुत की गईं।
- मीडिया इकाई द्वारा प्रस्तुत की गई विभिन्न विषयों की गुणवत्ता वाली वीडियो सामग्री स्वयं पोर्टल पर एनआईओएस मूक्स पाठ्यक्रम के एक भाग के रूप में अपलोड की गई।
- मीडिया इकाई ने एनआईओएस द्वारा आयोजित 34 बैठकों, सम्मेलनों/संगोष्ठियों, कार्यशालाओं तथा अन्य कार्यक्रमों को स्टिल फोटो कवरेज की।
- वर्ष 2020-21 के दौरान मुक्त विद्या वाणी के माध्यम से माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक और व्यावसायिक शिक्षा इत्यादि पर 321 ओडियो (श्रव्य) सजीव पीसीपी द्वारा प्रसारित किए गए।
- रेडियो वाहिनी पर 200 रेडियो कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण किया गया।
- एनआईओएस ने किसी भी स्मार्ट उपकरण पर अपने सभी मीडिया/वीडियो कार्यक्रम शिक्षार्थियों तक पहुंचाने के लिए 'रेडियो वाहिनी' नामक एक मोबाइल एप तैयार किया है।

## 1.9 सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी

- एनआईओएस वेब पोर्टल, www.nios.ac.in को भारत सरकार की वेबसाइटों (जीआईजीडब्ल्यू) दिशानिर्देशों और विश्व व्यापी वेब कंसोर्टियम के वेब कंटेंट एक्सेसिबिलिटी दिशानिर्देशों (डब्ल्यूसीएजी) 2.0 (डब्ल्यू3सी) के अनुसार पूर्णत: नया रूप दिया गया है । वर्ष 2020-21 में शिक्षार्थी पोर्टल का उपयोग करके लगभग 5 लाख प्रवेश किए जाएंगे, जिसमें सभी सहायक दस्तावेज़ डिजिटल रूप से अपलोड किए जाएंगे, जिससे कागज पर खर्च होने वाली एक बड़ी राशि की बचत होगी।
- एनआईओएस में 1 जीबीपीएस समर्पित लीज़्ड लाइन इंटरनेट कनेक्टिविटी है और सैकेण्डरी कनेक्शन के रूप में 95 एमबीपीएस समर्पित लीज़्ड लाइन इंटरनेट कनेक्टिविटी है। एनआईओएस तथा इसके सभी उप-डोमेनों को वैलिडेशन एसएसएल प्रमाणपत्रों को लागू कर सुरक्षित किया गया है।
- एनआईओएस शिक्षार्थी पोर्टल https://sdmis.nios.ac.in का निवारक सतर्कता पहला (2019) फ्रेमवर्क तैयार करने के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की निवारक सतर्कता का उल्लेख किया गया है जो संस्थान को अपनी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता लाने तथा भ्रष्टाचार प्रभावित क्षेत्रों का आंकलन कर भ्रष्टाचार से लड़ने, प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए आंतरिक प्रक्रियाओं में नीतियों तथा प्रक्रियाओं के कार्यान्वयन के लिए कदम उठाता है।
- परीक्षा केंद्रों के आवंटन के लिए जियो - टैगिंग प्रणाली की शुरूआत, कम्प्यूटर इकाई द्वारा कार्यान्वित की जा रही एक बेजोड

- Various documentary films with reference to NEP were produced on topics like 'Alternative Model of School Education' 'Examination Reforms' ' and Bhartiya Gyan Parampara'.
- The quality Video content of various subjects produced by the Media Unit were uploaded as a part of NIOS MOOCs courses on the SWAYAM Portal.
- The Media Unit provided still photo coverage of 34 meetings, seminars, workshops and other events organized by NIOS.
- During 2020-21, 321 Audio PCP on Secondary,Senior Secondary and Vocational Education etc were streamed live through MVV.
- 200 Radio Programmes were broadcast live on the Radio Vahini.
- NIOS developed a mobile App with name 'Radio Vahini' for learners to access all its Audio/Video programmes on any smart device.

## 1.9 Information and Communication Technology

- The NIOS Web Portal, www.nios.ac.in, has been totally redesigned in accordance with the Indian Government Websites (GIGW) Guidelines and the World Wide Web Consortium's Web Content Accessibility Guidelines (WCAG) 2.0. (W3C). Approximately 5 lakh admissions will be made using the Student Portal in 2020-21, with all essential supporting documents uploaded digitally, saving a significant amount of paper.
- NIOS is having a 1GBPS dedicated leased line internet connectivity and another 95 MBPS dedicated leased line internet connectivity as secondary connection. NIOS Portal and all its sub-domains have been made secure by implementing Extended Validation SSL Certificates.
- NIOS Student Portal https://sdmis.nios.ac.in has been mentioned in the Preventive Vigilance Initiatives (2019) Booklet of the Central Vigilance Commission (CVC) for developing a Preventive Vigilance Framework which enables the institute to bring transparency in its processes and fight corruption by assessing the corruption prone areas, taking steps to implement the policies and procedures into the internal processes for strengthening the system.
- The introduction of Geo-tagging system for Examination centres allocation, is an unmatched process being

प्रक्रिया है। इससे आवंटित अध्ययन केंद्र से 40 किलोमीटर के दायरे में परीक्षा केंद्र पर जाना शिक्षार्थी के लिए मददगार होगा।

- एनआईओएस के शिक्षार्थी पोर्टल पर प्रत्येक शिक्षार्थी के लिए व्यक्तिगत डैशबोर्ड उपलब्ध कराया गया है। यह डैशबोर्ड शिक्षार्थी के लिए उसके प्रवेश, परीक्षा, परिणाम, ई-सेवाएं, शुल्क का भुगतान, परीक्षा हॉल टिकट, व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी) सूची इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए एकल (सिंगल) विंडो गेटवे है।
- नए अध्ययन केंद्रों (एआई, एवीआई और एए) का प्रत्यायन अब 100 प्रतिशत ऑनलाइन है। एनआईओएस के अध्ययन केंद्र के रूप में कार्य करने का इच्छुक संस्थान https://eaccr.nios.ac.in के माध्यम से आवेदन कर सकता है। पहले से प्रत्यायित अध्ययन केंद्रों के लिए भी सभी सेवाएं अब ऑनलाइन है जैसे - नवीनीकरण, स्तर का उन्नयन, अतिरिक्त पाठ्यक्रम, सीटों में वृद्धि, निर्देश देने/पढ़ाने के नए माध्यमों को जोड़ना, समन्वयकों के विवरण में बदलाव, समन्वयक के फोटो को बदलना, पते में परिवर्तन इत्यादि।
- एनआईओएस के शिक्षार्थियों के लिए एनआईओएस पोर्टल nios.ac.in तथा sdmis.nios.ac.in के अंतर्गत ई-सेवाएं अब ऑनलाइन उपलब्ध हैं। शिक्षार्थी के व्यक्तिगत विवरण, पता, फोटो इत्यादि में कोई विसंगति होने पर उसे उनके डैश बोर्ड से https://sdmis.nios.ac.in पर ई-सेवा के माध्यम से सही किया जा सकता है।
- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग प्रभावपूर्ण तरीके से किया जा रहा है। इस समय एनआईओएस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, ट्विटर, फेसबुक और यू-ट्यूब पर उपलब्ध है।
- 'एनआईओएस कनेक्ट' शिक्षार्थियों के लाभ के लिए एनआईओएस द्वारा डिजाइन एवं तैयार किया गया एक मोबाइल एप है जिसके द्वारा वे अपने मोबाइल अथवा टैब से एनआईओएस अध्ययन सामग्री और इसके ऑनलाइन संसाधनों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह एप गूगल प्ले स्टोर से नि:शुल्क डाउनलोड किया जा सकता है।
- एनआईओएस अपने शिक्षार्थियों को विभिन्न सूचनाएँ और सहायता सेवाएं देने के लिए मोबाइल प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करता है। इसका प्रयोग प्रसार के लिए भी किया जाता है। यह सूचना एसएमएस द्वारा भेजी जाती है।

एनआईओएस की मुक्त विद्यालयी शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत आईसीटी का निम्नांकित क्षेत्रों में प्रयोग किया गया है :

- शिक्षार्थी डाटा बेस सूचना प्रबंधन प्रणाली (एसडीएमआईएस - शिक्षार्थी पोर्टल)
- प्रवेश : एनआईओएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश केवल ऑनलाइन किए जाएंगे।

implemented by the Computer Unit. It is helpful for learners to get the examination centre within a radius of 40kms from the allotted Study Centre.

- A Personalized Dashboard for every learner has been made available on the Student Portal of NIOS. This Dashboard is a Single Window Gateway for the learner to access his/her information about admission, examination, results, e- services, fee payment, examination hall ticket, Personal Contract Programme (PCP) Schedule etc.
- Accreditation of new Study Centres (AIs, AVIs and AA) is now 100% online. A willing institution may apply for accreditation to function as a study centre of NIOS through https://eaccr.nios.ac.in. For already accredited study centres, all services are now online like renewal, up gradation of level , addition of courses , increase of seats, addition of new medium of instruction, change of Coordinator's details , change of Coordinator's photo , change of address , etc.
- E-service is now available online for learners of NIOS under the Portal nios.ac.in and sdmis.nios.ac.in. Any discrepancy in learner's personal details, address, photo etc., can be corrected through e-services from their dash board on the Portal https://sdmis.nios.ac.in
- The Social Media Platform has been effectively used. NIOS is now available on social media platforms such as Twitter, Facebook, and YouTube.
- "NIOS Connect" is a Mobile App designed and developed by NIOS for benefit of all learners by which a learner can access information about NIOS, its study materials and all its online resources from any Android operated Mobile or Tab. The App can be downloaded free from the Play Store or the NIOS Web Portal.
- NIOS uses the Mobile Technology for dissemination of various information and support services to learners. It is also used for advocacy. This information is sent through SMS.

Under the Open Schooling System of NIOS, ICT is used in the following areas:

- Student Database Management Information System (SDMIS - Student Portal)
- Admission: The admissions in NIOS courses are made online only.

- एनआईओएस ने एक वेब पोर्टल तैयार किया है, जहाँ शिक्षार्थी अपना पंजीकरण कर सकते हैं और विभिन्न पाठ्यक्रमों को करने के लिए अपेक्षित सहायक दस्तावेज़ अपलोड कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त शिक्षार्थी पंजीकरण शुल्क का भुगतान ऑनलाइन कर सकते हैं। शिक्षार्थी परीक्षा केंद्र के लिए भी ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। संस्थान द्वारा केंद्रों को ऑनलाइन आबंटित किया जाता है।
- वर्ष 2020-21 के दौरान, शिक्षार्थी पोर्टल पर लगभग 5 लाख प्रवेश किए गए, जहाँ सभी आवश्यक सहायक दस्तावेज़ ऑनलाइन अपलोड किए गए, जिससे भारी मात्रा में कागज की बचत हुई।
- शिक्षार्थियों की सहायता के लिए, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश और पंजीकरण के लिए एक विशेष पोर्टल की स्थापना की गई।
- वर्ष 2020-2021 के दौरान दो सार्वजनिक परीक्षाओं और कई विभिन्न ''जब चाहो तब परीक्षा'' के माध्यम से लगभग 7 लाख शिक्षार्थियों का मूल्यांकन किया गया।

### 1.10 पुस्तकालय, प्रलेखन और पुरालेख सेवाएँ

- वर्ष 2020-21 के दौरान 7000 से अधिक दस्तावेज स्कैन किया गया तथा लगभग 700 समाचारों और 50 लेखों की पहचान की गई तथा उन्हें भविष्य के संदर्भ के लिए रखा गया।
- वर्ष 2020-21 में वर्गीकरण के लिए डेवी डिसिमल वर्गीकरण (20 संस्करण योजना) तथा खरीदी गई पुस्तकों की सूची के लिए एंग्लो अमेरिकन कैटलॉगिंग नियमों को अपनाया गया।
- वर्ष 2020-21 के दौरान संस्कृति, शिक्षा, हिंदी साहित्य, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी, सामाजिक विज्ञान तथा सामान्य पुस्तकें जैसे विभिन्न विषयों की 325 पुस्तकें खरीदी गईं। एनआईओएस पुस्तकालय में 10 दस्तावेज मानार्थ आधार पर भी प्राप्त किए गए। पुरालेख सेक्शन में 202 दस्तावेज़ और शामिल किए गए।
- 250 प्रश्नों का उत्तर दिया गया तथा 1000 से अधिक दस्तावेज़ डाउनलोड किए गए और ई-मेल, व्हाट्स अप संदेशों के माध्यम से एनआईओएस अधिकारियों के साथ साझा किए गए।
- एनआईओएस पुस्तकालय वेब आधारित ''एलआईबीएसवाईएस'' के 10वें रूपांतरण का उपयोग करता है, जो अद्यतन है और अर्जन, सूचीपत्र बनाने कैटलॉगिंग, परिसंचयन और क्रमिक प्रकाशनों से संबंधित सभी गतिविधियों का समर्थन करता है।
- 6 मार्च से 10 मार्च, 2021 तक आयोजित एनबीटी के वर्चुअल दिल्ली पुस्तक मेले में हिस्सा लिया।

- NIOS has developed a web portal where learners can register themselves and upload requisite documents for pursuing various courses. Further, learners can pay the registration fee online. Learners can also register online for Examination Centre. The Centres are allocated online by the Institute.
- During the year 2020-21, approx 5 lakh admissions are done on the Student Portal where all required supporting document were uploaded online thus saving huge quantity of paper.
- To assist learners, a dedicated Portal for online admissions and registration in Vocational Courses was established.
- During 2020-2021 evaluation and assessment of around 7 lakh learners was carried out through two public examination conducted and several "On Demand" Examinations.

### 1.10 Library, Documentation and Archival Services

- During 2020-21 more than 7000 documents were scanned and about 700 news items and 50 articles were identified and kept for future reference.
- The Dewey Decimal Classification (20th edition scheme) for classification and Anglo-American cataloguing rules for cataloguing of procured books was done in 2020-2021.
- During the year 2020-21, 325 books on various subjects, such as Culture, Education, General Books, Hindi Literature, Science and Technology and Social Science were purchased. 10 documents on complimentary basis were also received in NIOS Library. 2 Documents were added to Archival Section.
- 250 queries were answered and more than 1000 documents were downloaded and shared with NIOS Officers through e-mail, whatsapp messages.
- NIOS library uses web based "LIBSYS" version 10software which is upgraded and supports all activities related to acquisition, cataloguing, circulation and serial publications.
- Participated in the NBT's Virtual Delhi Book Fair, which took place from March 6, 2021 to March 10, 2021.

## 1.11 सूचना का अधिकार

वर्ष 2020–2021 के दौरान, सभी आरटीआई अनुरोधों पर कार्रवाई की गई। आरटीआई से संबंधित सभी रिकॉर्ड को कम्प्यूटरीकृत किया गया।

## 1.12 हिन्दी का प्रचार

एनआईओएस ने राजभाषा के प्रचार–प्रसार के लिए हिन्दी पखवाड़ा, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक और विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन किया। इस अवधि के दौरान विभिन्न प्रकार का अनुवाद कार्य किया गया।

## 1.11 Right to Information

During 2020-2021, all RTI requests were processed. All records about RTI related applications were coputerized.

## 1.12 Promotion of Hindi

NIOS organised Hindi Pakhwada, official language Implementation meeting and different workshops for the promotion of the official language. Various translation works were done during this period.

2

# परिचय

# Introduction

## 2.1 एनआईओएस की उत्पत्ति

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) जिसे पूर्वत: राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय (एनओएस) के रूप में जाना जाता था, की स्थापना 1979 में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली के अंतर्गत 'मुक्त विद्यालय' नामक एक अग्रणी परियोजना के रूप में की गई। मुक्त विद्यालय नवंबर, 1989 में स्थापित राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय में समामेलित हो गया। भारत सरकार के राजपत्र में 14 सितंबर, 1990 के संकल्प के माध्यम से एनआईओएस को पूर्व-स्नातक स्तर तक के शिक्षार्थियों को पंजीकृत करने, शिक्षार्थियों की परीक्षा लेने और उत्तीर्ण शिक्षार्थियों को प्रमाणपत्र देने का अधिकार प्रदान किया गया। भारत सरकार द्वारा जुलाई 2002 में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय (रा.मु.वि.) के कार्यक्षेत्रों तथा गतिविधियों को बढ़ाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के रूप में इसका पुन: नामकरण किया गया।

एनआईओएस सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत पंजीकृत एक स्वायत्त संस्था है। एनआईओएस मुख्यालय ए-24-25, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर-62, नोएडा (उ.प्र.) में स्थित है। एनआईओएस की नीतियाँ इसकी महासमिति द्वारा बनाई जाती हैं जिसकी अध्यक्षता मानव संसाधन विकास मंत्री द्वारा की जाती है।

## 2.2 दृष्टि

''गुणवत्तापूर्ण विद्यालयी शिक्षा और कौशल विकास हेतु सुविधापूर्ण, सार्वभौमिक, चिरस्थायी और समावेशी शिक्षा'' प्रदान करना।

## 2.3 लक्ष्य

- ➢ मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा पद्धति द्वारा पूर्व-स्नातक स्तर पर प्रासंगिक, सतत् और सर्वांगीण शिक्षा प्रदान करना।
- ➢ स्कूली शिक्षा के सार्वभौमिकीकरण में योगदान देना।
- ➢ समानता और सामाजिक न्याय के लिए प्राथमिकता प्राप्त लक्ष्य समूहों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करना।
- ➢ शिक्षा वंचितों तक पहुँचना।

### 2.3.1 उद्देश्य

एनआईओएस राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली में अत्यंत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है और इसकी अपनी अलग विशिष्टताएँ हैं। एनआईओएस के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार हैं :

- ➢ भारत सरकार तथा राज्य सरकारों से प्राप्त निवेदनों के संबंध में अथवा अपनी ओर से स्कूली स्तर पर मुक्त और दूरस्थ शिक्षा

## 2.1 Genesis of NIOS

The National Institute of Open Schooling (NIOS), formerly known as the National Open School (NOS), was set up in 1979 as a pioneering project titled "Open School" under the Central Board of Secondary Education, New Delhi. The Open School was amalgamated into National Open School which was set up in November, 1989. The NOS was vested with the authority to examine and certify students registered with it up to pre-degree level courses through a Resolution dated 14 September 1990 of the Government of India. The National Open School (NOS) was rechristened as the National Institute of Open Schooling (NIOS) by the Government of India in July 2002 in order to extend its scope and functioning.

NIOS is an autonomous organization registered under the Societies' Registration Act (1860). The Headquarters of NIOS is located at A-24/25, Institutional Area, Sector-62 NOIDA (Uttar Pradesh). The policies of NIOS are framed through its General Body headed by the Union Minister of Human Resources Development.

## 2.2 Vision

Sustainable inclusive learning with universal and flexible access to quality school education and skill development

## 2.3 Mission

- ➢ Providing relevant continuing and holistic education up to pre degree level through Open and Distance Learning System.
- ➢ Contributing to the Universalisation of School Education
- ➢ Catering to the educational needs of the prioritized target groups for equity and social justice.
- ➢ Reaching the unreached.

### 2.3.1 Objectives

The NIOS plays a very important role in the National System of Education and it has its own distinct characteristics. The main objectives of NIOS are:

- ➢ To provide professional advice to the Government of India, and to the States, regarding proper development

प्रणाली के उपयुक्त विकास के लिए व्यावसायिक परामर्श प्रदान करना।

- ➢ पूर्व-स्नातक स्तर पर जीविका और जीवन पर्यन्त शिक्षा के लिए आवश्यकता आधारित शैक्षिक और व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम तैयार करना।
- ➢ गुणवत्तापूर्ण मुक्त और दूरस्थ पाठ्यचर्याओं और शिक्षार्थियों के लिए पाठ्यक्रम सामग्री तैयार करने में उत्कृष्टता प्राप्त करना।
- ➢ पूर्व-स्नातक स्तर तक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रभावशाली शिक्षार्थी सहायता प्रणाली विकसित करने के लिए संस्थाओं को प्रत्यायन देना।
- ➢ अनुसंधान और विकास की गतिविधियों द्वारा मुक्त और दूरस्थ शिक्षा प्रणाली को सशक्त करना।
- ➢ नेटवर्किंग, सक्षमता निर्माण, संसाधनों के आपसी सहयोग और गुणवत्ता निश्चित करके राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर मुक्त विद्यालयी शिक्षा का प्रसार करना।

एनआईओएस द्वारा चलाए जा रहे पाठ्यक्रमों/कार्यक्रमों में किसी भी जाति, संप्रदाय और स्थान के व्यक्ति नामांकन करा सकते हैं।

इसके वरीयता प्राप्त शिक्षार्थी समूह हैं :-

- ➢ ग्रामीण और शहरी लोग
- ➢ सुविधावंचित समूह
- ➢ समाज के सुविधावंचित वर्ग
- ➢ बेरोजगार और आंशिक रूप से रोजगार प्राप्त लोग
- ➢ बीच में ही स्कूल छोड़ने वाले
- ➢ विशेष आवश्यकताओं वाले शिक्षार्थी
- ➢ अल्पसंख्यक समुदाय

## 2.4 कार्यक्रम और गतिविधियाँ

एनआईओएस प्रमुख रूप से छः प्रकार की गतिविधियाँ करता है। ये हैं :-

- ➢ मुक्त बेसिक शिक्षा स्तर तक शैक्षिक शिक्षा प्रदान करना।
- ➢ माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तर पर शैक्षिक पाठ्यक्रम प्रदान करना।
- ➢ शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के प्रावधानों के अनुसार अप्रशिक्षित प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए शिक्षक शिक्षा (डी.एल.एड. कार्यक्रम)।
- ➢ व्यावसायिक शिक्षा।
- ➢ अनुसंधान और प्रशिक्षण।
- ➢ शिक्षार्थी सहायता सेवाएँ।

of Open and Distance Learning System at school level in response to requests from the concerned Government/ s or suo moto.

- ➢ To develop need based Academic and Vocational Education Programmes for livelihood and lifelong learning up to pre-degree level.
- ➢ To attain excellency in developing quality Open and Distance Curricula and courseware for learners.
- ➢ To accredit institutions for developing effective learner support system to facilitate learning up to pre-degree level
- ➢ To strengthen the Open and Distance Learning System through research and development activities
- ➢ To promote open schooling at national and global level by networking, capacity building, sharing of resources and quality assurance.

Anybody irrespective of caste, creed and location can seek enrolment in the courses/programmes offered by NIOS.

Its prioritized target groups are:

- ➢ rural and urban people
- ➢ disadvantaged groups
- ➢ underprivileged sections of the society
- ➢ unemployed and partly employed people
- ➢ school dropouts
- ➢ people with special needs
- ➢ minorities.

## 2.4 Programmes and Activities

NIOS carries out six major sets of activities. These are:

- ➢ Providing academic education at the Open Basic Education level.
- ➢ Providing academic education at the Secondary and the Senior Secondary levels.
- ➢ Teacher Education (D.El.ED. Programme for training of untrained elementary teachers as mandated by RTE Act, 2009).
- ➢ Vocational Education.
- ➢ Research and Training.
- ➢ Learner support services.

(एनआईओएस द्वारा जारी माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक प्रमाणपत्र भारतीय विश्वविद्यालय संघ, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), बहुत से विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों, बहुत से स्कूल शिक्षा बोर्डों, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (मा.सं.वि.मं.) तथा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त है।)

## 2.5 संगठनात्मक संरचना

एनआईओएस, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था है जिसे पूर्व-स्नातक स्तर तक शिक्षार्थियों की परीक्षा लेने और उत्तीर्ण शिक्षार्थियों को प्रमाणपत्र देने का अधिकार प्राप्त है। भारत सरकार द्वारा नियुक्त एनआईओएस के अध्यक्ष संस्थान के प्रमुख कार्यकारी हैं।

रा.मु.वि. सोसाइटी के प्रबंधन के लिए विर्निदिष्ट विभिन्न सांविधिक निकाय हैं :-

(i) महासमिति

(ii) कार्यकारी बोर्ड

(iii) वित्त समिति

(iv) शैक्षिक परिषद्

### i) महासमिति

एनआईओएस की महासमिति एक सर्वोच्च समिति है जो सोसाइटी को नई दृष्टि प्रदान करती है और व्यापक नीति संबंधी निर्देश देती है और उसका यह उत्तरदायित्व है कि सशक्त एवं उपयुक्त परामर्श प्रदान करे। महासमिति सुनिश्चित करती है कि संस्था अपनी शक्तियों और कार्यों का प्रयोग सोसाइटी की दृष्टि और समाज के उद्देश्यों के साथ तारतम्य बनाते हुए करे और सार्वजनिक रूप से विश्वसनीय बनी रहे। एनआईओएस के अध्यक्ष महासमिति की अध्यक्षता करते हैं तथा एनआईओएस के सचिव इसके सदस्य सचिव होते हैं। 31 मार्च, 2021 को एनआईओएस सोसाइटी की महासमिति के सदस्यों की सूची **परिशिष्ट-क** पर दी गई है।

### ii) कार्यकारी परिषद्

एनआईओएस के कार्यकारी परिषद् के पास संस्था के कार्यों को व्यवस्थित करने तथा सुचारू एवं प्रभावकारी ढंग से कार्य सुनिश्चित करने के लिए सभी शक्तियाँ प्राप्त हैं। कार्यकारी परिषद् विशेष रूप से नीति कार्यक्रमों तथा कार्रवाई संबंधी कार्यक्रमों को अग्रवर्ती बनाने का काम करता है, प्रभावकारी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए उचित निर्णय लेता है एवं समय-समय पर उनका मूल्यांकन करता है।

अध्यक्ष, एनआईओएस इस परिषद् के अध्यक्ष तथा सचिव, एनआईओएस इसके सदस्य सचिव हैं। 31 मार्च, 2021 को कार्यकारी परिषद् के सदस्यों की सूची **परिशिष्ट-ख** में दी गई है।

(The secondary and the senior secondary certificates issued by the NIOS are recognized by the Association of Indian Universities, the University Grants Commission (UGC), several universities and institutes of higher learning, several Boards of school Education, the Ministry of Human Resource Development (MHRD) and the Ministry of Labour & Employment).

## 2.5 Organizational Set up

NIOS, an autonomous institution set up under MHRD, is vested with the authority to examine and certify learners up to pre-degree level. The Chairperson of the NIOS, appointed by the Government of India, is the Chief Executive of the organization.

The different competent authorities specified for the management of the NOS Society are:

i) General Body

ii) Executive Board

iii) Finance Committee

iv) Academic Council

### i) The General Body

The General Body of the NIOS is the apex body vested with the responsibility to assist the NIOS Society by providing sound and professional advice to generate a vision and give broad policy directions. It ensures that the Organization remains publically accountable by exercising its powers and functions in accordance with the mission and objectives of the Society. The Chairman of the NIOS is the Chairman of the General Body and the Secretary of the NIOS is its Member Secretary. A list of members of the General Body as on 31st March 2021 is given in Appendix-A.

### ii) The Executive Board

The Executive Board of NIOS is vested with all the powers of the NOS Society to manage its affairs to function smoothly and effectively. This Board is mainly concerned with forward planning for preparation of the policies and programmes of action, to make appropriate decisions to ensure effective implementation of the programmes and also to review the functions of the organization.

The Chairman of the NIOS is the Chairman of the Executive Board and the Secretary of the NIOS is its Member Secretary. A list of members of the Executive Board, as on 31st March 2021, is given in Appendix – B.

### iii) वित्त समिति

एनआईओएस की वित्त समिति लेखा और बजट प्राक्कलनों की जाँच पड़ताल करती है तथा नए वित्तीय परिव्ययों और अन्य वित्तीय मामलों के प्रस्तावों पर अपनी संस्तुतियाँ देती है। अध्यक्ष, एनआईओएस वित्त समिति के अध्यक्ष हैं। सचिव, एनआईओएस वित्त समिति के सदस्य सचिव हैं। 31 मार्च, 2021 को वित्त समिति के सदस्यों की सूची **परिशिष्ट-ग** में दी गई है।

### iv) शैक्षिक परिषद्

शैक्षिक परिषद् शैक्षिक विभाग की सर्वोच्च निकाय है। यह एनआईओएस की सभी शैक्षिक गतिविधियों को मॉनीटर एवं नियंत्रित करती है। 31 मार्च, 2021 को शैक्षिक परिषद् के सदस्यों की सूची **परिशिष्ट-घ** में दी गई है।

### एनआईओएस के विभाग

एनआईओएस के अध्यक्ष की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है और वह संस्था के मुख्य कार्यकारी होते हैं। उनकी सहायता के लिए पाँच विभागाध्यक्ष हैं :

1. सचिव
2. निदेशक (शैक्षिक)
3. निदेशक (व्यावसायिक शिक्षा)
4. निदेशक (मूल्यांकन)
5. निदेशक (विद्यार्थी सहायता सेवाएँ)

### एनआईओएस के क्षेत्रीय केंद्र

देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों को प्रभावपूर्ण ढंग से क्रियान्वित करने के लिए इलाहाबाद, अमेठी, बेंगलुरू, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, देहरादून, दिल्ली, धर्मशाला, भोपाल, गांधीनगर, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, गंगटोक, कोची, कोलकाता, पटना, पुणे, रायपुर, रांची और विशाखापट्टनम में 23 क्षेत्रीय केंद्र स्थापित किए गए हैं। दरभंगा और कोटा में दो उप केंद्र, तथा दो प्रकोष्ठ अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह और शिलांग में स्थापित किए गए है।

### कार्मिक

31.3.2021 को एनआईओएस के कार्मिकों की श्रेणीवार स्वीकृत संख्या दर्शाने वाला विवरण **'परिशिष्ट 'ड.'** में दिया गया है।

## 2.6 वर्ष 2020-21 के दौरान आयोजित एनआईओएस की कार्यकारी बोर्ड और वित्तीय समिति की बैठकें

### क. कार्यकारी परिषद्

कार्यकारी परिषद् की 78वीं, बैठक परिचालन द्वारा आयोजित की गई तथा कार्यकारी परिषद् की 79वीं बैठक 24 मार्च, 2021 को आयोजित की गई।

### iii) The Finance Committee

For scrutiny of the accounts and budget estimates and to make recommendations on the new proposals for new financial outlay and other financial matters, a Finance Committee has been constituted by the NIOS. The Chairman of NIOS is the Chairman of the Finance Committee. The Secretary of the NIOS is the Member Secretary of the Finance Committee. A list of members of the Finance Committee as on 31st March 2021 is given in Appendix-C.

### iv) The Academic Council

The Academic Council deals with academic matters of NIOS. It monitors and controls all academic programmes and activities of the constituents of NIOS. A list of members of the Academic Council, as on 31st March 2021 is given in Appendix-D.

### Departments of NIOS

The Chairperson of the NIOS, appointed by the Government of India, is the Chief Executive of the Organization. He/ She is assisted by five Heads of Departments, namely,

1. Secretary
2. Director (Academic)
3. Director (Vocational Education)
4. Director (Evaluation)
5. Director (Student Support Services)

### Regional Centres of NIOS

For implementation of different programmes effectively throughout the country, 23 Regional Centres have been established at Allahabad, Bengaluru, Bhopal, Bhubaneswar, Chandigarh, Chennai, Dehradun, Delhi, Dharamshala, Gandhinagar, Guwahati, Hyderabad, Jaipur, Kochi, Kolkata, Patna, Pune, Raipur, Ranchi, Jammu, Gangtok, Amethi and Visakhapatnam. Two Sub Centres at Darbhanga and Kota, and two Cells at Andaman & Nicobar Islands and Shillong have also been established.

### Staff

A detailed statement showing the classification–wise sanctioned staff strength in the NIOS as on 31.03.2021 is given in Appendix-E.

## 2.6 Meetings of Executive Board and Finance Committee of NIOS held during 2020-21

### a) Executive Board

The 78th executive board meeting was conducted in circulation, and the 79th Executive Board meeting was held on March 24, 2021.

### ग. वित्तीय समिति

वित्त समिति की 68वीं बैठक 24 मार्च, 2021 को आयोजित की गईं। इस बैठक में एनआईओएस के विभागों के कार्यक्रम पर विचार किया गया और अनुमोदित किया गया।

## 2.7 योजना निर्माण, क्रियान्वयन और मॉनीटरिंग

एनआईओएस के अधिकारीगण ने कार्यक्रमों की तैयारी, क्रियान्वयन और मॉनीटरिंग के लिए विभिन्न समितियों द्वारा एक विस्तृत निष्पादन तंत्र तैयार किया है। कार्यक्रम निष्पादन समितियाँ इस प्रकार हैं:-

**i) विभागों के सलाहकार बोर्ड (डीएबी)**

अध्यक्ष : विभागाध्यक्ष
संयोजक : एक संकाय सदस्य

**ii) अनुसंधान सलाहकार समिति (आरएसी)**

अध्यक्ष : अध्यक्ष, एनआईओएस
संयोजक : निदेशक (शैक्षिक), एनआईओएस

**iii) मूल्यांकन समिति, एनआईओएस**

अध्यक्ष : निदेशक (मूल्यांकन), एनआईओएस
सदस्य-सचिव : उप निदेशक (मूल्यांकन),एनआईओएस

**iv) क्षेत्रीय केन्द्रों की सलाहकार समिति (आरसीएसी)**

अध्यक्ष : एनआईओएस मुख्यालय के एक विभागाध्यक्ष
संयोजक : क्षेत्रीय केन्द्र, एनआईओएस के प्रमुख

### b) Finance Committee

The 68th meeting of the Finance Committee were held on 24th March 2021.In these meetings, programme of the constituents of NIOS were considered and approved.

## 2.7 Planning, Implementation and Monitoring

The management of NIOS has prepared a detailed programme processing mechanism through different Committees. The programmes processing committees visualized are as follows:

**i) Advisory Boards of the Departments (DABs)**

Chairperson : Heads of the Department
Convener : One faculty member

**ii) Research Advisory Committee (RAC)**

Chairperson : Chairman, NIOS
Convener : Director (Academic), NIOS

**iii) Evaluation Committee, NIOS**

Chairperson : Director (Evaluation), NIOS
Member-Secretary : Deputy Director (Evaluation), NIOS

**iv) Advisory Committee of the Regional Centres (RCACs)**

Chairperson : One HoD of NIOS Hqs.
Convener : Head, Regional Centre, NIOS

3

# शैक्षिक कार्यक्रम
# Academic Programmes

## 3.0 परिचय

एनआईओएस भौगोलिक दृष्टि से फैले और शिक्षा वंचित शिक्षार्थी समूह की विविध प्रकार की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए विभिन्न स्तरों पर बहुमाध्यम वाले अध्ययन के पैकेज तैयार करता है। अध्ययन के पैकजों में मुद्रित और इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्सेज़(मूक्स) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त टेलीकॉन्फ्रेंसिंग; श्रव्य-दृश्य कार्यक्रम, मुक्त विद्या वाणी पर व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम सजीव मीडिया कार्यक्रम आदि भी सहायक होते हैं। हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू और क्षेत्रीय भाषाओं में माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर, साथ ही मुक्त बेसिक शिक्षा (ओबीई) कार्यक्रम आदि में चलाई जा रही शैक्षिक गतिविधियों का प्रसार और विस्तार शैक्षिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से किया जाता है। संकाय द्वारा अधिगम रणनीतियों, विद्यार्थी सहायता सेवाओं इत्यादि के क्षेत्र में सक्रिय एवं प्रसारात्मक शोध किये जाते हैं। पाठ्यचर्या तैयार करना, स्व-अध्ययन सामग्री बनाना, मूल्यांकन की रणनीतियाँ तैयार करना, मॉनीटरिंग, पर्यवेक्षण आदि जैसे विभिन्न बिंदुओं पर शिक्षा की गुणवत्ता निर्धारित करने और नियंत्रित करने के लिए प्रयास किए जाते हैं। मुक्त बेसिक शिक्षा (ओबीई) कार्यक्रम तथा माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम तैयार किए जाते हैं। शोध और विकास द्वारा पुराने पाठ्यक्रमों को उनके मानक प्रारूप में बनाए रखते हुए शिक्षार्थियों के लाभार्थ रोचक ढंग से सहायक सामग्री भी तैयार की जाती है जिससे सीखने की प्रक्रिया एक आनंददायक अनुभव बन सके।

## 3. 1 शैक्षिक परिषद्

शैक्षिक परिषद् (एसी) एनआईओएस का एक बहुत ही महत्वपूर्ण निकाय है। शैक्षिक कार्यक्रमों को लागू करने से पहले शैक्षिक परिषद् द्वारा अनुमोदित किया जाता है। परिषद् अन्य बातों के साथ-साथ संस्थान द्वारा चलाए जा रहे शैक्षिक पाठ्यक्रमों तथा कार्यक्रमों की योजना, डिजाइन, प्रसार तथा मूल्यांकन संबंधी आवश्यक सलाह देती है। शैक्षिक परिषद् एनआईओएस के शैक्षिक तथा व्यावसायिक शिक्षा विभागों की कार्य योजनाएँ अनुमोदित करने के अलावा संस्थान की दृष्टि एवं मिशन को कैसे साकार किया जाए, इस पर भी मार्गदर्शन प्रदान करती है। शैक्षिक परिषद् के सदस्य, संस्थान के सतत विकास के लिए गतिविधि कैलेंडर पर कार्य करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव और निर्देश देते हैं। अध्यक्ष, एनआईओएस, शैक्षिक परिषद् के अध्यक्ष तथा निदेशक (शैक्षिक) इसके सदस्य सचिव हैं। शैक्षिक परिषद् में विशेष रूप से पाठ्यकक्रम निर्माण, शिक्षक शिक्षा, मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा, मीडिया, विशेष रूप से अक्षमों/शैक्षिक

## 3.0 Introduction

In response to the diverse learning needs of its geographically spread and unreached client groups, NIOS develops multi-channel learning packages for different levels. The learning packages include both print and electronic mediums (Massive Open Online Courses, MOOCs). These are further supported by teleconferencing, audio-video programmes, Personal Contact Programmes on MVV, live media programmes, etc. Academic courses offered in Hindi, English, Urdu, and regional languages at the Secondary and Senior Secondary levels, as well as courses offered through the Open Basic Education (OBE) programme, are used to expand and extend academic activities. The faculty conducts active research in the areas of learning strategies, Student Support Services, and so on. Efforts are made to determine and control the quality of education at several points such as framing of the curriculum, development of Self-Learning Material (SLMs), designing evaluation strategies, monitoring, and supervision, etc. Courses are designed for the Open Basic Education (OBE) programme and the Secondary and the Senior Secondary Education. In addition to maintaining the old courses in their standard format with research and development inputs, support material are developed to benefit learners significantly in interesting ways while also making the learning process enjoyable and meaningful.

## 3.1 Academic Council

The Academic Council (AC) is a very important body of NIOS. The Academic programmes are approved by the Academic Council before implementation. The Council inter alia gives necessary advice regarding planning, designing, delivery and assessment framework of the academic courses and programmes offered by the institute. It also provides guidance on how to realize the vision and mission of the institute, besides approving the Work Plans of all the Departments of NIOS. The members of the Academic Council give significant suggestions and directions to work on the Activity Calendar for consistent growth of the Institution. The Chairperson, NIOS is the Chairperson of the Academic Council and the Director (Academic) is its Member Secretary. The Academic Council consists of at least eight experts from the fields of Curriculum Development, Teacher Education, Open and Distance

एवं व्यावसायिक शिक्षा तथा राज्य मुक्त विद्यालयों आदि के साथ काम करने वाले गैर-सरकारी संगठनों के क्षेत्र से कम से कम आठ विशेषज्ञ होते हैं।

## 3.2 विभागीय सलाह बोर्ड ( डीएबी )

डीएबी उपयुक्त दिशा-निर्देश प्रदान करके शैक्षिक पाठ्यक्रमों और कार्यक्रमों की योजना, डिजाइनिंग, वितरण और मूल्यांकन ढांचे में प्रमुख भूमिका निभाता है । बोर्ड शैक्षिक विभाग को वर्ष के लिए गतिविधियों की पहचान करने में सलाह देता है और वार्षिक गतिविधि कैलेंडर को मंजूरी देता है। यह विभाग के पिछले प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए भी उत्तरदायी है। सलाहकार बोर्ड में अध्यक्ष के रूप में संबंधित विभाग के निदेशक और सभी आंतरिक संकाय सदस्यों के अतिरिक्त पाठ्यक्रम निर्माण, शिक्षक शिक्षा, मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा, मीडिया और प्रशासन के क्षेत्र से कम से कम पांच विशेषज्ञ शामिल हैं। 19 अक्तूबर, 2020 को आयोजित डीएबी की बैठक की। महत्वपूर्ण संस्तुतियां निम्नलिखित रहीं :

- ➢ क्यूआर कोड एकीकरण और स्व-अध्ययन सामग्री का डिजिटलीकरण
- ➢ सभी विषयों में उच्चतर माध्यमिक स्तर के पाठ्यक्रमों में संशोधन
- ➢ बधिर और सुनने में अक्षम वाले शिक्षार्थियों के लिए 'टूर गाइड' शीर्षक वाले छह माह का प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम का निर्माण।
- ➢ माध्यमिक स्तर पर एक विषय के रूप में भारतीय सांकेतिक भाषा का निर्माण
- ➢ विभिन्न विषयों में सांकेतिक भाषा वीडियो का निर्माण
- ➢ उच्चतर माध्यमिक स्तर पर 'उद्यमिता' शीर्षक से नए पाठ्यक्रम का निर्माण।
- एनआईओएस ने माध्यमिक पाठ्यक्रम, उच्चतर माध्यमिक पाठयक्रम एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए विभिन्न विषयों एवं माध्यमों की स्व: अध्ययन सामग्री (एसआईएम) का प्रेषण किया।
- विभिन्न विभागों (शैक्षिक, प्रशासन, मूल्यांकन, विद्यार्थी सहायता सेवाएँ तथा व्यावसायिक शिक्षा) तथा क्षेत्रीय केन्द्र दिल्ली सहित एनआईओएस के अन्य विभागों के लिए विभिन्न सामग्री मुद्रित करके उपलब्ध करायी गयी।

### परीक्षा संबंधी स्टेशनरी

एनआईओएस वर्ष में दो बार अर्थात मार्च-मई और सितंबर-नवंबर पूर्ण रूप से परीक्षाओं का आयोजन करता है। अत: प्रशासन विभाग के अंतर्गत मुद्रण इकाई मुद्रण की मानक श्रेणी तथा गोपनीयता बनाए रखकर एक निश्चित समय पर सभी प्रकार की परीक्षा से संबंधित सामग्री उपलब्ध कराती है।

वर्ष के दौरान एनआईओएस की व्यावसायिक शिक्षा सार्वजनिक परीक्षा जनवरी-फरवरी, 2021 के लिए निम्नलिखित स्टेशनरी मदों का मुद्रण कराया गया :

- व्यावसायिक शिक्षा परीक्षाओं की मुख्य उत्तर पुस्तिकाएँ एवं प्रायोगिक उत्तर पुस्तिकाएँ
- परीक्षा तिथि पत्र
- शैक्षिक तथा व्यावसायिक परीक्षाओं के केन्द्र अधीक्षकों के लिए प्रायोगिक तथा सिद्धांत दिशा-निर्देश
- परीक्षाओं के आयोजन के लिए मूल्यांकन विभाग द्वारा अपेक्षित विविध मदें/एसओपी

- Using 70 GSM quality NIOS Logo Water Marked Paper for printing of text, and 220 GSM Art Card for printing of multi-colored covers.
- NIOS does perfect binding of its books. The contexts of majority of the subjects books are bulky. Perfect binding takes bulky content thus making the study material self explanatory in approach. Perfect binding is also done for more durability of study material and to make them withstand rough handling during transportation. NIOS books, being bulky, are perfect bound so that students could open and read them with ease and comfort without feeling strain while reading. By perfect binding, a large number of pages of study material can be put together.
- NIOS gets more than one volume of a subject text packed in polythene/plastic strap, so that its all parts could be given to learners together.

### 7.4.3 NIOS Publications during 2020-21

- NIOS printed and delivered Self Instructional Materials (SIMs) – Study Materials of different subjects, mediums for the Secondary, the Senior Secondary and Vocational Education Courses.
- Miscellaneous items were also printed and delivered for different Departments (Academic, Administration, Evaluation, Student Support Services, and the Vocational Education) and items of other constituents of NIOS, including the Regional Centre, Delhi.

### Examinations related Stationery

NIOS conducts two full fledged examinations in a year (March-May and September-November). The Printing Unit makes available all kinds of examination related Stationery within stipulated time, with high class professionalism and ensuring all required printing standards.

During the year, the following stationery items were printed for January-February, 2021 for the Vocational Education Public Examinations of NIOS :

- Main Answer Books for Vocational Education Examinations and Practical Answer Books
- Date Sheets
- Practical and Theory Guidelines for Centre Superintendents for Academic Examinations and Vocational Education Examinations.
- Miscellaneous items/SOPs required by the Evaluation Department for conduct of Examinations

➢ अवार्ड सूचियां (सिद्धांत एवं प्रायोगिक)

➢ अन्य दिशा-निर्देश

**प्रवेश संबंधी सामग्री**

वर्ष 2020-21 दौरान, शैक्षिक पाठ्यक्रमों और व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों के लिए विवरणिकाओं का मुद्रण हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों में किया गया।

### 7.4.4 डीटीपी इकाई

एनआईओएस मुख्यालय में एक डीटीपी इकाई है। इसमें संस्थान के सभी प्रकार के महत्त्वपूर्ण प्रकाशन जैसे - विवरणिका, वार्षिक रिपोर्ट, प्रमाणपत्र, अंक तालिका, वार्षिक लेखा, उत्तर पुस्तिकाएँ, समाचार बुलेटिन, एल्मेनेक, दीवार एवं टेबल कलेंडर, परीक्षा संबंधी सामग्री और अन्य विभिन्न मदों की टाईपसेटिंग और डिजाइनिंग की जाती है।

## 7.5 सतर्कता प्रकोष्ठ

एनआईओएस के सतर्कता प्रकोष्ठ का नेतृत्व अंशकालिक मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा किया जाता है। सिस्टम में पारदर्शिता तथा दक्षता लाने के लिए निवारक सतर्कता महत्वपूर्ण है। शिक्षार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए एनआईओएस ने अपने संचालन के विभिन्न पहलुओं में डिजिटलीकरण पर जोर दिया है। एनआईओएस ने शिक्षार्थियों की सभी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वेब पोर्टल तैयार किया। शिक्षार्थी पाठ्यक्रम के लिए पंजीकरण होने से लेकर परीक्षा फॉर्म भरने तक सभी प्रकार की जानकारी ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं। विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रम सामग्री ऑनलाइन भी उपलब्ध है। अब शिक्षार्थी अपने प्रवेश, पंजीकरण, उनके द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों की स्थिति से संबंधित आवश्यक जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन प्रणाली ने सेवाओं के प्रसार में संस्था को लाभान्वित किया है। केंद्रीय सर्तकता आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों/दिशा-निर्देशों को अधिकारियों तथा कर्मचारियों के संज्ञान में भी लाया जाता है।

## 7.6 सामग्री उत्पादन एवं वितरण इकाई

सामग्री उत्पादन और वितरण प्रभाग (एमपीडीडी) सेंट्रल वेयरहाउस कॉरपोरेशन, राणा प्रताप बाग, दिल्ली में स्थित है। सामग्री उत्पादन और वितरण प्रभाग का कार्य कागज का भंडारण करना और जारी करना, मुद्रकों से शैक्षिक और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों से संबंधित अध्ययन सामग्री और रिक्त व्यवसायिक, प्रायोगिक उत्तर पुस्तिकाएँ प्राप्त करना। यह एनआईओएस के शिक्षार्थियों, प्रत्यायित संस्थाओं, प्रत्यायित व्यावसायिक संस्थाओं, क्षेत्रीय केन्द्रों और राज्य मुक्त विद्यालयों/स्कूल शिक्षा राज्य बोर्डों को अन्य मुद्रित सामग्री तथा ऑडियो/वीडियो सीडी भी वितरित करता है। सामग्री वितरण इकाई के प्रमुख कार्य हैं :-

**1. सामग्री की प्राप्ति**

➢ कागज मिलों से 70 जीएसएम 2000 एमटी कागज प्राप्त करना।

➢ मुद्रकों से अध्ययन सामग्री (पुस्तकें) प्राप्त करना।

➢ Award Lists (Theory and Practical)

➢ Other Guidelines

**Admission related Materials**

During 2020-21, Prospectuses for Academic Courses and Vocational Education Courses both in Hindi and English mediums were printed.

### 7.4.4 DTP Unit

NIOS has an in-house DTP Unit. All important publications of the institution like Prospectus, Annual Report, Certificates, Mark Sheets, Annual Accounts, Answer Books, News Bulletin, Almanac, Wall Calendars, Examination related materials and misc. items are typeset and designed in-house in the DTP Unit.

## 7.5 Vigilance Cell

The NIOS Vigilance Cell is led by a part-time Chief Vigilance Officer. Preventive Vigilance is critical to achieving system transparency and efficiency. Keeping learners' interests in mind, NIOS placed a strong emphasis on digitization in all aspects of its operations. To address all of the needs of the students, NIOS has created a Web Portal. Learners may acquire all kinds of information online, from registering for a course to filling out an examination form. Course materials for various courses are also available online.The learners now have an easy access to the information required by them relating to admission, registration, and status of documents submitted by them. The online system has benefitted the institute in delivering its services. The instructions/guidelines issued by the Central Vigilance Commission from time to time are also brought to the notice of the officers and staff.

## 7.6 Production and Distribution Division (MPDD)

The Production and Distribution Division (MPDD)is located at Central Ware House corporation in R.P. Bagh, Delh. The MPDD is entrusted with the task of storing and issuing of paper, receiving study materials from the printers related to Academic and Vocational courses and Blank Vocational Practical Answer Books. It is also engaged in dispatch of other printed materials and Audio/Video CDs to NIOS learners, Accredited Institutions, Accredited Vocational Institutions, Regional Centres and State Open Schools/State Boards of School Education. The main functions of MPDD are:

**1. Receipt of Materials**

➢ Receiving 70GSM 2000 MT. paper from paper mills.

➢ Receiving Study Material from the Printers.

- व्यावसायिक शिक्षा और प्रायोगिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएँ प्राप्त करना।
- ऑडियो/वीडियो सीडी प्राप्त करना।
- अन्य विविध मुद्रित सामग्री प्राप्त करना।

### 2. सामग्री का प्रेषण

- मुद्रण इकाई द्वारा जारी इंडेंट के अनुसार पैनल के मुद्रकों को कागज जारी करना।
- एनआईओएस के शिक्षार्थियों को अध्ययन सामग्री का वितरण।
- राज्य मुक्त विद्यालयों तथा एनआईओएस के क्षेत्रीय केंद्रों को अध्ययन सामग्री का प्रेषण
- क्षेत्रीय केन्द्रों को प्रायोगिक उत्तर पुस्तिकाओं का तथा परीक्षा केंद्रों को व्यावसायिक उत्तर पुस्तिकाओं का प्रेषण।
- एआई और एवीआई को पुस्तकों का प्रेषण।
- ऑडियो/वीडियो और अन्य विविध सामग्री का प्रेषण।

### 3. अध्ययन सामग्री का विक्रय

- शिक्षार्थियों को पुस्तकों का विक्रय।
- राज्य मुक्त विद्यालयों तथा राज्य अनुसंधान केंद्रों (एसआरसी) को अध्ययन सामग्री का विक्रय।
- स्कूल शिक्षा राज्य बोर्डों को पुस्तकों का विक्रय

### 7.6.1 स्वः अध्ययन सामग्री का प्रेषण

मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा (ओडीएल) कार्यक्रम की सफलता शिक्षार्थियों की अध्ययन सामग्री के समय पर वितरण पर निर्भर करती है जिससे वे अपनी गति के अनुसार शिक्षा प्राप्त कर सके। एनआईओएस के वे शिक्षार्थी जिन्होंने वर्षभर में ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन कराया है उन्हें प्रत्येक विषय की अनुदेशनात्मक सामग्री ठीक प्रकार से पोलिथीन कवर में रखकर उनके आवासीय पते पर भेजी जाती है। दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के शिक्षार्थियों को सही समय पर अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना एक बहुत बड़ा कार्य है जो एमपीडीडी द्वारा किया जाता है।

ऑन लाइन प्रवेश के तीन अन्य स्ट्रीम 2, 3 एवं 4 हैं जो विशेष रूप से ऐसे शिक्षार्थियों के लिए बनाए गए हैं जो शीघ्रतम उपलब्ध अवसरों पर एनआईओएस की परीक्षा देना चाहते हैं। ये शिक्षार्थी अपेक्षित राशि का भुगतान 'सचिव, एनआईओएस' के पक्ष में, नोएडा में देय बैंक ड्रॉफ्ट के माध्यम से भुगतान कर अध्ययन सामग्री प्राप्त कर सकता है। उनके लिए एम.डी. इकाई इस प्रकार के शिक्षार्थियों का रिकॉर्ड रखती है और भारतीय डाक विभाग की बिजनेस पार्सल पोस्ट (बीपीपी) सेवा (सर्फेस) द्वारा उनके निवास स्थान पर अध्ययन सामग्री भेजती है। एनआईओएस उनके पते पर अध्ययन सामग्री के थैलों के शीघ्र वितरण के लिए बारकोड का प्रयोग करता है। एनआईओएस शिक्षार्थियों को पार्सल के प्रेषण संबंधी विवरण का संदेश (एसएमएस) भेजता है। अतः यह पार्सलों की डिलिवरी सुनिश्चित करता है। बीपीपी का बारकोड शिक्षार्थियों के पता

- Receiving Answer Books of Vocational and Practical Examination.
- Receiving audio/Video CDs.
- Receiving other miscellaneous printed material.

### 2. Despatch of Materials

- Issue paper to printers on panel as per indent issued by Printing Unit.
- Distribution of Study Material to learners of NIOS.
- Despatch of study material to State Open Schools and Regional Centres of NIOS.
- Despatch of Practical answer Books to Regional Centres and Vocational Answer Books to Exam Centres.
- Despatch of Books AIs & AVIs.
- Despatch of Audio/Video & Other miscellaneous materials.

### 3. Sale of Study materials

- Sale of books to learners
- Sale of Books to State Open Schools and State Resources Centres (SRCs).
- Sale of books to State boards of School Education

### 7.6.1 Despatch of Study material

The success of Open and Distance Learning (ODL) programme largely depends on timely supply of self instructional Materials to the students to enable them to learn at their own pace. The students of NIOS are given self instructional materials duly packed in Poly Coated Bags. The SLM is dispatched to learners who have registered online for Stream-1 and is sent to their residential addresses. Making Books available at the right time to the learners of distance education system is systematically performed by MPDD.

There are three other Streams of Online admission viz. 2, 3 and 4 which are specifically designed for the learners who want to appear in NIOS examinations at the earliest. These learners may request study material on payment through Bank Draft in favour of 'Secretary, NIOS' payable at Noida. The M.D. Unit keeps record of such learners and sends Study Material through Business Parcel Post (BPP) service (Surface) of the Indian Postal Department directly to the learner's residence. NIOS used Barcode system for prompt delivery of bags of study material to the addressee. NIOS sends messages (SMS) to the learners containing despatch details of the parcel. Hence, it ensures delivery of parcels. The Barcode of the BPP is printed on the address labels of the learners and uploaded at NIOS

## Status of Despatch of Study Material for Session 2020-21 (Block-I & II)

| Sl. No. | Region | Admission in Block-I | Admission in Block –II | Total Admission 2020-21 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हैदराबाद/Hyderabad | 539 | 413 | 952 |
| 2 | पुणे/Pune | 6196 | 1662 | 7858 |
| 3 | कोलकाता/Kolkata | 14822 | 8440 | 23262 |
| 4 | गुवाहाटी/Guwahati | 16785 | 10680 | 27465 |
| 5 | चंडीगढ़/Chandigarh | 23577 | 9090 | 32667 |
| 6 | कोच्चि/Kochi | 19305 | 8562 | 27867 |
| 7 | दिल्ली/Delhi | 66959 | 19299 | 86258 |
| 8 | मुख्यालय/Head Quarter | 752 | 147 | 899 |
| 9 | जयपुर/Jaipur | 23329 | 16357 | 39686 |
| 10 | पटना/Patna | 3873 | 1075 | 4948 |
| 11 | इलाहाबाद/Allahabad | 6674 | 2024 | 8698 |
| 12 | भोपाल/Bhopal | 4452 | 2498 | 6950 |
| 13 | देहरादून/Dehradun | 15800 | 8378 | 24178 |
| 14 | भुवनेश्वर/Bhubaneshwar | 4568 | 1361 | 5929 |
| 15 | विशाखापट्टनम/Vishakhapatnam | 187 | 116 | 303 |
| 16 | बेंगलूरू/Bengaluru | 3806 | 1598 | 5404 |
| 17 | गांधीनगर/Gandhi Nagar | 9514 | 6218 | 15732 |
| 18 | रायपुर/Raipur | 380 | 227 | 607 |
| 19 | रांची/Ranchi | 3379 | 1240 | 4619 |
| 20 | चेन्नई/Chennai | 2988 | 1249 | 4237 |
| 21 | धर्मशाला/Dharamshala | 785 | 239 | 1024 |
| 22 | गंगटोक/Gangtok | 21 | 11 | 32 |
| 23 | जम्मू/Jammu | 1338 | 1031 | 2369 |
| 24 | अमेठी/Amethi | 0 | 0 | 0 |
| 25 | नोएडा/Noida | 0 | 1 | 0 |
| 26 | कोटा/Kota | 21 | 11 | 32 |
|  | **कुल/Total** | **230029** | **101916** | **331945** |

लेबल पर मुद्रित हैं तथा शिक्षार्थियों की जानकारी के लिए एनआईओएस की वेबसाइट पर अपलोड किए गए हैं। वर्ष 2020-21 में ऑनलाइन पंजीकृत लगभग 3.31 लाख शिक्षार्थियों को अध्ययन सामग्री का प्रेषण किया गया।

व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले शिक्षार्थियों को सामग्री का वितरण करने के लिए 764 से अधिक प्रत्यायित व्यावसायिक संस्थाओं को अध्ययन सामग्री का प्रेषण किया गया। एमपीडीडी ने कार्यक्रमों के सुचारु संचालन के लिए अध्ययन केंद्रों तथा राज्य समन्वयकों को भी अध्ययन सामग्री भेजी। देशभर में विभिन्न हितधारकों को भी आशा प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम की 13,330 पुस्तकें भेजी गईं।

## 7.7 विधि प्रकोष्ठ

**इस दौरान किए गए कार्य** – विधि इकाई का कार्यक्षेत्र साधारणत: निम्नानुसार श्रेणीबद्ध किया गया है।

➢ **अनुरोध :** अन्य संस्थाओं/एजेंसियों के साथ एमओयू/अनुबंधों का विधि की दृष्टि से पुनरीक्षण।

➢ **मुकदमे :** विभिन्न न्यायालयों / मंचों / आयोगों / ट्राईब्यूनलों में एनआईओएस के हित की रक्षा करना।

➢ **विधि अभिमत :** एनआईओएस से संबंधित विभिन्न कानूनी मुद्दों पर अभिमत देना।

➢ **समन्वयन :** एनआईओएस के कानूनी मामलों के तेजी से निपटान के लिए एनआईओएस मुख्यालय के अन्य विभागों तथा क्षेत्रीय केन्द्रों के साथ समन्वयन।

**एनआईओएस के विधि मामलों/विवादों की मॉनीटरिंग :** एलआईएमबीएस पोर्टल के माध्यम से देशभर के विभिन्न न्यायालयों में विधि मामलों/विवादों तथा लंबित मामलों की प्रगति की मॉनीटरिंग।

**उपस्थिति तथा साक्ष्य :** विभिन्न न्यायालयों के आदेशानुसार समय-समय पर जब कभी आवश्यक हुआ तथा सक्षम प्राधिकारी के निर्देशानुसार न्यायालयों के समक्ष उपस्थित होना।

**भविष्य के लिए योजना :** निर्धारित समय सीमा में इसकी सफल उपलब्धि के लिए समयबद्ध प्रकृति के कानूनी कार्य की आवश्यकता से निपटने के लिए अग्रिम रणनीति।

**महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ :** वर्ष 2020-21 के दौरान, शिक्षार्थियों का नाम, अभिभावक का नाम, जन्म तिथि, परिणाम की घोषणा आदि में सुधार करने के लिए बड़ी संख्या में कानूनी मामले प्राप्त हुए। एनआईओएस के मानदण्डों तथा निबंधन एवं शर्तों के अंतर्गत अपेक्षानुसार पूर्व विवादों का उचित समाधान उपलब्ध कराकर शिक्षार्थियों की शिकायतों का समय पर करना।

website for information of the learners. In 2020-21, the study materials were dispatched to nearly 3.31 lakhs of students registered online.

The study material were dispatched to more than 764 Accredited Vocational Institutions for distribution to the learners admitted in Vocational Education courses. MPDD unit has also sent study material to study Centres and State coordinators for the smooth conduct of programmes. Along with this, 13,330 books of ASHA certificate course were sent to different stake holders throughout the country.

## 7.7 Legal Unit

**Scope of Work -** The scopes of work of legal unit are broadly categorized as under:

➢ **Solicitation-** Legal vettings of MOUs / Agreements with other institutions/ agencies.

➢ **Litigation-** Defending the interest of the NIOS in different Courts/ Fora/Commissions/ Tribunals.

➢ **LegalOpinion-** Opinion rendered on various legal issues pertaining to matters related to the NIOS.

➢ **Coordination-** The coordination with other Depts. of the NIOS HQ and its Regional Centres for speedy disposal of legal cases pertaining to the NIOS.

**Monitoring of Legal Cases/Disputes of the NIOS** – Monitoring of the legal issues/disputes and progress of cases pending in different courts across the country through LIMBS Portal.

**Appearance & Evidences –** Appearance before the courts from time to time as and when required as per orders of different courts and direction of the competent authority.

**Planning for future -** Advance strategy to cope with the requirement of legal work of time bound nature for its successful accomplishment within prescribed time frame.

**Significant achievements -** During the year 2020-21 a large number of court cases were received for correction in the name of students, their parents name and date of birth, and declaration of results etc. Redressing the grievances of learners satisfactorily in time by providing suitable solution at prelitigation stage as contemplated under the NIOS norms, Rules and Regulations.

## 7.8 जनसंपर्क

एनआईओएस की सभी गतिविधियों और कार्यक्रमों को मीडिया में विज्ञापनों तथा प्रेस विज्ञप्तियों के माध्यम से प्रचारित किया गया।

i. भावी शिक्षार्थियों तथा एनआईओएस शिक्षार्थियों की जानकारी के लिए ऑन लाइन प्रवेश की विभिन्न स्ट्रीमों तथा परीक्षा सूचनाओं से संबंधित विज्ञापन राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराए गए। व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने, निविदा सूचनाएँ, रिक्ति सूचनाएं, विशेष आयोजन संबंधी विज्ञापन इत्यादि भी दैनिक समाचार पत्रों में छपवाए गए।

ii. एनआईओएस कार्यक्रमों/गतिविधियों और प्रवेश और परीक्षा जैसी रोजमर्रा की गतिविधियों की प्रेस विज्ञप्तियों का मीडिया द्वारा प्रसार किया गया।

iii. विज्ञापनों तथा प्रेस सूचना जैसी प्रकाशित सामग्रियों द्वारा सूचना प्रसारित की गई।

iv. एनआईओएस की योजनाओं, पाठ्यक्रमों तथा कार्यक्रमों के प्रचार के लिए लोकप्रिय पत्रिकाओं में विज्ञापन प्रकाशित किए गए।

v. शिक्षा सम्मेलनों, संगोष्ठियों आदि में एनआईओएस की सहभागिता, का समन्वयन भी किया गया।

vi. एनआईओएस मुख्य रूप से अपने सभी पाठ्यक्रमों तथा कार्यक्रमों के प्रसार के लिए वेबसाइट, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम जैसे अन्य उपलब्ध प्रभावशाली माध्यमों का प्रयोग भी करता है तथा अपने शिक्षार्थियों तथा अन्य स्टेकहोल्डरों को सीधे संदेश भी भेजता है। एनआईओएस लगातार अपने सर्वोत्तम प्रथाओं का प्रसार कर रहा है और सोशल मीडिया चैनलों के माध्यम से शिक्षार्थियों को जानकारी प्रदान कर रहा है।

vii. जनसंपर्क इकाई ने एनआईओएस के वर्तमान तथा भावी दोनों शिक्षार्थियों से प्राप्त प्रश्नों का उत्तर दिया।

## 7.8 Public Relations

All NIOS activities and programmes were covered in the Media through advertisements and press releases.

i. Advertisements pertaining to different streams of Online Admission and Examination Notices were published in National and Regional Dailies for dissemination of information to prospective client groups and NIOS learners. Tender Notices, Vacancy Notices, events related advertisements etc., were also published in dailies in order to disseminate widely.

ii. Press Releases of NIOS programmes/activities and routine activities, such as admission and examinations, were disseminated through Media.

iii. Facilitated dissemination of published materials such as advertisements and press clippings.

iv. Advertisements were released in popular magazines to popularize NIOS Schemes, Courses and Programmes.

v. Participation of NIOS in Education Summits, Conferences etc., was also coordinated.

vi. NIOS also uses other available mediums effectively, like website, Facebook, Twitter, Instagram and direct messages to its learners and other stakeholders, mainly to publicise its courses and programmes.NIOS is continually promoting its best practises and disseminating information to students via social media channels.

vii. The Public Relations Unit replied to inquiries from both current and potential NIOS learners.

# क्षेत्रीय सेवाएँ
# Regional Services

## 8.0 परिचय

एनआईओएस के क्षेत्रीय केन्द्र अध्ययन केन्द्रों और एनआईओएस मुख्यालय के बीच; राज्य सरकारों और एनआईओएस मुख्यालय के बीच; अध्ययन केन्द्रों और शिक्षार्थियों के बीच; शैक्षिक विशेषज्ञों और अध्ययन केन्द्रों के बीच तथा एनआईओएस और जनसाधारण के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी की भूमिका निभाते हैं। किसी क्षेत्र में एनआईओएस कार्यक्रमों और नीतियों की सफलता उस क्षेत्र के क्षेत्रीय केन्द्र की केन्द्रीय भूमिका पर निर्भर करती है। इस समय एनआईओएस देश के विभिन्न भागों में 23 क्षेत्रीय केन्द्रों : प्रयागराज, अमेठी, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, भोपाल, चंडीगढ़, चेन्नई, दिल्ली, देहरादून, धर्मशाला, गांधीनगर, गंगटोक, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कोच्चि, कोलकाता, पटना, पुणे, रांची, रायपुर और विशाखापट्टनम द्वारा कार्य कर रहा है। दरभंगा और कोटा में इसके दो उपकेन्द्र हैं, शिलांग और अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के पोर्ट ब्लेयर में एनआइओएस प्रकोष्ठ भी स्थापित किए गए है।

## 8.0 Introduction

The Regional Centres of NIOS provide a vital and effective link between the Study Centres and the NIOS Headquarters; between the State Governments and the NIOS Headquarters; between the Study Centres and learners, between the Academic Facilitators and the Study Centres and between NIOS and general public. The success of NIOS programmes and policies in a region largely depends on the pivotal role played by the Regional Centres. Presently 23 Regional Centres at Prayagraj, Amethi, Bengaluru, Bhubaneswar, Bhopal, Chennai, Chandigarh, Delhi, Dehradun, Dharmshala, Guwahati, Gandhinagar, Gangtok, Hyderabad, Jaipur, Jammu, Kochi, Kolkata, Patna, Pune, Ranchi, Raipur and Visakhapatnam are functioning in different parts of the country. There are Sub-Regional Centre at Darbhanga and Kota, NIOS Cell at Shillong and Port Blair in Andaman and Nicobar Islands.

## 8.1 क्षेत्रीय केन्द्रों के कार्य

क्षेत्रीय केंद्र मुख्यतया निम्न प्रकार की गतिविधियाँ करते हैं :-

1. शैक्षिक
2. प्रशासनिक
3. प्रसारात्मक
4. योजना निर्माण और मॉनीटरिंग।

सामान्य तौर पर क्षेत्रीय केन्द्रों द्वारा किए जा रहे कार्यों का एक संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है :

### 8.1.1 शैक्षिक कार्य

➢ मुक्त विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य आयोजित करना तथा प्रत्यायित संस्थाओं (एआई), प्रत्यायित व्यावसायिक संस्थाओं(एवीआई) और प्रत्यायित एजेंसियों (एए) के कार्यान्वयन पर फीडबैक प्राप्त करना।

➢ मुक्त विद्यालयी शिक्षा की अध्ययन सामग्री से संबंधित आवश्यकता आधारित अनुदेशनात्मक सामग्री तैयार करना जिसमें क्षेत्रीय भाषाएँ और प्रशिक्षण पैकेज इत्यादि शामिल हैं।

## 8.1 Functions of Regional Centres

Basically, the Regional Centres are required to perform following types of activities:

1. Academic
2. Administrative
3. Promotional
4. Planning and Monitoring

A brief description of the functions generally performed by the Regional Centres under each category is given below:

### 8.1.1 Academic Functions

➢ Conducting research in the area of Open Schooling and collecting feedback on the functioning of Accredited Institutions (AIs), Accredited Vocational Institutions (AVIs) and Accredited Agencies (AAs).

➢ Development of need based instructional material pertaining to the Open Schooling courses of study in Regional Languages and development of training packages.

- क्षेत्रीय भाषाओं में ऑडियो और वीडियो कार्यक्रमों का विकास आवश्यकतानुसार करना।
- मुक्त विद्यालयी शिक्षा से संबंधित लोगों के लिए अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना।
- एनआईओएस से उत्तीर्ण हुए शिक्षार्थियों का ब्यौरा और उनकी उपलब्धियों का संकलन करना।
- व्याख्यानों, प्रदर्शनियों और अन्य कार्यक्रमों का आयोजन करना।
- समन्वयकों, केन्द्र अधीक्षकों और शैक्षिक विशेषज्ञों की बैठकें आयोजित करना।

### 8.1.2 प्रशासनिक कार्य

- प्रवेश संबंधी गतिविधियाँ– जैसे, विवरणिका की बिक्री, शुल्क प्राप्त करना, प्रवेश संबंधी आंकड़ों की प्रविष्टियाँ करना और उनकी जाँच करना, अध्ययन केन्द्रों को सूचियाँ भेजना, पहचान-पत्रों को जारी करना, क्रेडिट स्थानांतरण (टीओसी) की प्रविष्टि, जाँच एवं सत्यापन करना तथा उन्हें मुख्यालय में भेजना, विषय परिवर्तन/अतिरिक्त विषय संबंधित मामले।
- शिक्षार्थियों के प्रवेश और परीक्षा संबंधी रिकार्ड रखना।
- अध्ययन सामग्री के वितरण के लिए मुख्यालय से संपर्क करना और शिक्षार्थियों की शिकायतों का समाधान करना।
- एनआईओएस मुख्यालय के साथ संपर्क के दौरान प्रवेश आंकड़ों में आवश्यकता के अनुरूप संशोधन/सुधार करना।
- सत्यापन के लिए क्रेडिट स्थानांतरण (टीओसी) समिति की बैठकों का आयोजन करना।
- परीक्षा संबंधी गतिविधियाँ जैसे– शुल्क लेना, परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण, शिक्षार्थियों को हॉल टिकट जारी करना, उत्तर-पुस्तिकाएँ प्राप्त करना, मूल्यांकन का गोपनीय कार्य, उत्तर-पुस्तिकाओं का निश्चित स्थान पर मूल्यांकन, मुख्यालय को अंक सूचियाँ भेजना, पुनः मूल्यांकन इत्यादि।
- एनआईओएस की परीक्षाओं का व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारियों, निरीक्षकों और निरीक्षण दलों की नियुक्ति करना, निरीक्षकों की रिपोर्ट का विश्लेषण एवं संकलन करके आवश्यक कार्रवाई करना, परीक्षा संबंधी बिलों का सत्यापन करना।
- सचिव एवं क्षेत्रीय निदेशकों के लेखा का रख-रखाव।
- एनआईओएस में प्रवेश, कार्यक्रमों के प्रचालन और परीक्षाओं आदि से संबंधित विविध कार्य।
- जन-संपर्क और शिक्षार्थियों की शिकायतों से संबंधित मामले।
- यह सुनिश्चित करना कि टीएमए शिक्षार्थियों द्वारा ही किये गये हैं और उनका मूल्यांकन अध्ययन केन्द्रों पर ही हुआ है।

- Development and dissemination of need based audio and video programmes in Regional languages.
- Organization of short-term training programmes for Open Schooling functionaries.
- Follow up studies of NIOS pass outs and compilation of success stories.
- Arranging lectures, exhibitions and other programmes.
- Holding meetings of Coordinators, Centre Superintendents and Academic Facilitators.

### 8.1.2 Administrative Functions

- Admission related activities such as sale of Prospectus, fee realization, punching and checking of admission data, sending checklists to AIs; issue of identity cards; punching, checking and verification of Transfer of Credits (TOC) cases and forwarding the same to NIOS Headquarters, and matters related to change of subjects/additional subjects.
- Record keeping in respect of learners' admission and examination.
- Liaison with NIOS headquarters for distribution of study material and redressal of grievances of learners.
- Carrying out corrections/modifications in admission data as per requirement in consultation with NIOS Headquarters.
- Organizing meetings of Transfer of Credit (TOC) Committee for verification.
- Examination related activities such as fee realization, fixation of examination centres, issuing Hall Tickets to learners, receipt of answer books, secrecy work, spot evaluation, sending award lists to NIOS Headquarters, re-evaluation etc.
- Appointment of nodal officers, observers and inspection teams for ensuring proper conduct of examinations; analysis and consolidation of observers' reports; taking follow up action, and verification of examination related bills.
- Maintenance of Secretary's Account and Regional Director's Accounts.
- Miscellaneous work related to NIOS admission, programme delivery and examination.
- Matters related to public relations and students' grievances.
- Ensuring that the Assignments are attempted by the candidates and are evaluated at the AIs.

- टीएमए अंकों और बिलों को योजनानुसार विद्यार्थी सहायता सेवाएँ विभाग के पास भेजना तथा क्षेत्रीय केन्द्र में उसका रिकॉर्ड रखना।
- टीएमए के 5% नमूनों की जाँच करना।
- संबंधित क्षेत्र के नामांकित शिक्षार्थियों के लिए जब चाहो परीक्षा का आयोजन करना।

### 8.1.3 प्रसारात्मक कार्य

- एनआईओएस के अध्ययन केन्द्रों के रूप में कार्य करने हेतु अच्छे विद्यालयों/संस्थाओं की पहचान करना।
- प्रत्यायन संबंधी कार्य जैसे- विद्यालयों/संस्थाओं के प्रत्यायन हेतु निरीक्षण करना, अध्ययन केन्द्रों से संपर्क करना और एनआईओएस अध्ययन केन्द्रों का प्रत्यायन रद्द करने से संबंधित मामले।
- एनआईओएस के कार्यक्रमों-प्रवेश, परीक्षा और प्रचार-प्रसार के लिए विज्ञापन देना।
- राज्य समन्वयन समितियों के माध्यम से क्षेत्र में मुक्त विद्यालयी शिक्षा की शैक्षिक आवश्यकताओं का निर्धारण करना।
- क्षेत्र में ही राज्यों में मुक्त विद्यालयी शिक्षा के प्रसार के लिए प्रयास करना और संबंधित राज्यों को राज्य मुक्त विद्यालय (एसओएस) की स्थापना/उन्नयन करने में परामर्श/सहायता करना।
- राज्य सरकारों के साथ संपर्क करना तथा मुक्त विद्यालयी शिक्षा से संबंधित मामलों में समन्वयन करना।
- प्रसार कार्यक्रमों का आयोजन करना।

### 8.1.4 योजना बनाना और मॉनीटरिंग करना

- क्षेत्रीय केन्द्र की वार्षिक योजनाएँ तैयार करना।
- प्रत्यायित संस्थाओं में व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रमों (पीसीपी) और अनुशिक्षक अंकित मूल्यांकन कार्य (टीएमए) सहित एनआईओएस के कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की मॉनीटरिंग करना।
- अध्ययन केन्द्रों में शैक्षिक विशेषज्ञों का निर्धारण और नियुक्ति करना।
- क्षेत्रीय केन्द्र स्तर पर मॉनीटरिंग तथा शैक्षिक सुविधाएँ प्रदान करने के लिए प्रवेश, अध्ययन केन्द्रों तथा मानव संसाधनों का डाटा बेस रखना।
- शैक्षिक विशेषज्ञों की रिपोर्टों का विश्लेषण करना तथा तिमाही आधार पर समेकित रिपोर्ट पर आवश्यक कार्रवाई करना तथा उन्हें मुख्यालय में भेजना।
- एआई/एवीआई/ओबीई केन्द्रों का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करना।

- Forwarding TMA Awards and Bills to the Student Support Services Department as per schedule and maintaining record of the same.
- Carrying out 5% sample checking of the TMAs.
- Conducting On Demand Examinations for learners enrolled from the region.

### 8.1.3 Promotional Functions

- Identification of good schools/institutions to work as study centres of NIOS.
- Accreditation related work such as inspection of schools/ institutions for accreditation, interaction with Study Centres and matters related to dis-accreditation of Study Centres of NIOS.
- Advertisements regarding admission, examination and publicity of programmes.
- Identification of educational needs in Open Schooling in the region through State Coordination Committees.
- Promotion of Open Schooling in the States within the region and consultancy/assistance to the concerned states for setting up/upscaling of State Open Schools (SOSs).
- Liaison with State Government and coordination in matters related to Open Schooling.
- Organization of advocacy programmes.

### 8.1.4 Planning and Monitoring

- Preparation of Annual Plans of the Regional Centre.
- Monitoring of implementation of programmes in the Accredited Institutions including Personal Contact Programmes (PCPs) and Tutor Marked Assignments (TMAs).
- Identification and allotment of Academic Facilitators to the AIs.
- Maintenance of the database of admission, AIs and Human Resource for monitoring and academic facilitation at the Regional Centre level.
- Analysing the reports of the Academic Facilitators and preparing consolidated reports on quarterly basis for necessary action and forwarding the same to the NIOS Headquarters.
- Ensuring smooth functioning of AIs/AVIs/OBE Centres.

## एनआईओएस क्षेत्रीय केन्द्रों के कार्यक्रम और गतिविधियाँ :

### सामान्य

- एनआईओएस के सभी क्षेत्रीय केंद्रों द्वारा प्रवेश तथा परीक्षा संबंधी गतिविधियाँ की गईं।
- सभी क्षेत्रीय केंद्रों ने मुक्त विद्यालयी कार्यक्रम के प्रसार के लिए कदम उठाए। इसके साथ-साथ प्रसार, एनआईओएस के अध्ययन केंद्रों के रूप में प्रत्यायन हेतु अच्छे स्कूलों की पहचान, संस्था आयोजनों/कार्यों में समन्वयन तथा स्पष्टीकरण, एनआईओएस शिक्षार्थियों के लिए सहायता सेवाएँ, राज्य सरकार के साथ संपर्क तथा संबंधित क्षेत्रों में एनआईओएस कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की मॉनीटरिंग शामिल है।
- एनआईओएस मुख्यालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार कुछ प्रमुख दिवसरों का आयोजन किया गया।

| | |
|---|---|
| ➢ स्वतंत्रता दिवस | - 15 अगस्त |
| ➢ गणतंत्र दिवस | - 26 जनवरी |
| ➢ आतंकवाद विरोधी दिवस | - 21 मई |
| ➢ विश्व पर्यावरण दिवस | - 5 जून |
| ➢ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस | - 21 जून |
| ➢ हिंदी पखवाड़ा (पखवाड़ा) | - सितंबर की प्रथम/द्वितीय छमाही |
| ➢ महात्मा गांधी जयंती | - 2 अक्तूबर |
| ➢ राष्ट्रीय एकता दिवस | - 31 अक्तूबर |
| ➢ सेवा सप्ताह | - 14-20 दिसंबर |
| ➢ राष्ट्रीय शिक्षा दिवस | - 11 नवंबर |
| ➢ संविधान दिवस | - 26 नवंबर |
| ➢ सतर्कता सप्ताह | - 28 अक्तूबर से 2 नवंबर |

इन कार्यक्रमों में क्षेत्रीय केंद्रों के संकायों और कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कई क्षेत्रीय केंद्रों ने गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया। जिन्होंने इन महत्वपूर्ण दिनों के बारे में अपने विचार साझा किए।

### विशिष्ट गतिविधियाँ तथा कार्यक्रम

देश में एनआईओएस के क्षेत्रीय केंद्रों की गतिविधियों की कुछ प्रमुख जानकारी नीचे दी गई है :

### क्षेत्रीय केंद्र बेंगलूरू

- सुश्री कनागवल्ली, आईएएस, निदेशक, पीयूई बोर्ड, श्री उमा शंकर, आईएएस, मुख्य सचिव, प्राथमिक और स्कूल शिक्षा, कर्नाटक

## Programmes and Activities of the Regional Centres of NIOS

### General

- The admission and examination related activities were performed by all the Regional Centre of NIOS.
- The Regional Centre took steps for promotion of Open Schooling programme. This inter alia included publicity, identification of good schools for accreditation as study centres of NIOS, coordination and clearing house functions, support services for NIOS learners, liaison with State Government, and monitoring of implementation of NIOS programmes in the respective regions.
- The Regional Centres of NIOS organized/ celebrated the following days as per guidelines issued by NIOS Headquarters :-

| | |
|---|---|
| ➢ Independence Day | - 15 August |
| ➢ Republic Day | - 26 January |
| ➢ Anti Terrorism Day | - 21st May |
| ➢ The World Environment Day | - 5th June |
| ➢ International Yoga Day | - 21st June |
| ➢ Hindi Pakhwara (fortnight) | - First/second half of September |
| ➢ Birth Anniversary of Mahatma Gandhi | - 2nd October |
| ➢ National Unity Day | - 31st October |
| ➢ National Education Day | - 11November |
| ➢ Constitution day | - 26 November |
| ➢ Vigilance Week | - 27th October to 2nd November |

The faculty and staff of the Regional Centers participated enthusiastically in these programmes. Several Regional Centers invited dignitaries who shared their ideas about significant days.

### Specific Activities and Programmes

The highlights of certain specific programmes of activities of the Regional Centres of NIOS in the country are given below:

### Regional Centre, Bengaluru

- A meeting with Ms. Kanagavalli, IAS, Director, PUE Board along with Sh. Uma Shankar, IAS, Principal Secretary,

सरकार तथा माननीय श्री सुरेश कुमार, प्राथमिक और स्कूली शिक्षा मंत्री, कर्नाटक सरकार के साथ 14 जुलाई को एक बैठक आयोजित की गई। एनआईओएस की विभिन्न योजनाओं तथा एनआईओएस के साथ सहयोग के संभव क्षेत्रों के बारे में एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई।

- श्री बीएन नरसिम्हा मूर्ति, कुलपति, श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी ऑफ ह्यूमन एक्सीलैंस, श्री सत्य साईं सेवा गुरुकुलम (एसएसएसएलएसजी) अधिकारियों, विद्वानजनों और शिक्षकों के साथ कर्नाटक राज्य के 21 जिलों के लगभग 30 विद्यालयों में एनआईओएस की ओबीई, माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम योजनाओं के परिचय के संबंध में एक बैठक आयोजित की गई। एनआईओएस योजनाओं की अच्छी छवि रही और इन्हें सराहा गया। 15 अगस्त, 2020 को एनआईओएस का सहयोग करने में उन्होंने बहुत दिलचस्पी ली।
- श्री सुरेश कुमार, प्राथमिक और स्कूली शिक्षा मंत्री, कर्नाटक सरकार के साथ एक बैठक आयोजित की गई। एनआईओएस की विभिन्न योजनाओं तथा एनआईओएस के साथ सहयोग के संभव क्षेत्रों के बारे में एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई तथा इसकी संभावनाओं पर विचार किया गया। 30 अगस्त 2020 को माननीय मंत्री जी ने एनआईओएस योजनाओं के बारे में जानने के लिए गहरी दिलचस्पी दिखाई तथा पूरे कर्नाटक राज्य में एनआईओएस योजनाओं को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) तथा एनआईओएस के साथ स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू, भारत सरकार द्वारा ज्ञान और कौशल आकलन के माध्यम से आशाओं की दक्षता को बढ़ाने हेतु आशा (मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) के प्रमाणन हेतु एक परियोजना आरंभ की गई। इस उद्देश्य के क्रम में क्षेत्रीय केंद्र, बेंगलुरु से 8093 आशा कार्यकर्ताओं को प्रमाणित किया गया। 19 जिला प्रशिक्षण केंद्र (डीटीसी) तथा 04 स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केंद्र सहित कुल 23 मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण केंद्र हैं। कर्नाटक राज्य में कुल 3364 आशा को प्रमाणपत्र दिए गए।

### क्षेत्रीय केंद्र चंडीगढ़

- क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ में जन शिक्षण संस्थान, कौशल शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित वेबिनार में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। श्रीमती तरूण, सहायक निदेशक ने वेबिनार में ''फिलोसोफी एण्ड वोकेशनल कम्पोनेंट ऑफ एनआईओएस कोर्सज करिकुलम, एनएसक्यूएफ लेवल्स, एलाइंड करिकुलम, कोलॉबोरेटिंग

Department of Primary and School Education, GoK and Mr. Suresh Kumar, Hon'ble Minister for Primary and School Education, Government of Karnataka was held on the 14th July. A detailed presentation about various NIOS Schemes and possible areas of collaboration with NIOS was presented

- A meeting was held with Mr. B. N. Narasimha Murthy, Chancellor, Sri Sathya Sai University of Human Excellence, Officials, Scholars, and Teachers of Sri Sathya Sai Seva Gurukulam (SSSLSG) regarding introduction of NIOS schemes of OBE, Secondary and Senior Secondary in about 30 schools across 21 districts across the state of Karnataka. NIOS schemes were well taken and appreciated. They showed keen interest to collaborate with NIOS On the 15th August 2020.
- A meeting was held with Mr. Suresh Kumar, Hon'ble Minister for Primary and School Education, Government of Karnataka. A detailed presentation about various NIOS Schemes and possible areas of collaboration with NIOS was presented and explored. Hon'ble Minister showed keen interest to learn about NIOS schemes and assured to promote NIOS schemes across the state of Karnataka On the 30th August 2020.
- A project (launched by NHM) for certification of ASHA(Accredited Social Health Activists) to enhance competency of ASHAs through knowledge and skill assessment under taken by Ministry of Health and Family Welfare (MoHFW), Govt. of India with National Health System Resource Center (NHSRC) and NIOS. In continuation with this aim, 8093 ASHA workers were certified from RC Bengaluru. There are total 23 Accredited Training Centers including 19 District Training Center (DTC) and 04 Health & Family Welfare Training Center. A total of 3364 ASHAs in the state of Karnataka were certified.

### Regional Centre, Chandigarh



- Regional Centre, Chandigarh actively participated in a webinar organized by Jan Shikshan Sansthan, Ministry of Skill Education, GoI, Ms. Tarun, Assistant Director delievered a lecture on "Philosophy and Vocational component of NIOS courses curriculum, NSQF levels, aligned curriculum, collaborating agencies, resources and standards" as Resource Person in Webinar. She highlights the National Education

एजेंसीज़, रिसोर्सेज एण्ड स्टैंर्डड'' विषय पर विषय विशेषज्ञ के रूप में व्याख्यान दिया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 पर प्रकाश डाला, जो व्यावसायिक शिक्षा पर जोर देती है, अब जिसकी आवश्यक विशेष समीक्षाएं एकत्र कर ली गई हैं। यह नीति व्यावसायिक शिक्षा को मुख्य धारा में लाने पर जोर देती है। एनआईओएस पहले से ही माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने के मॉडल पर कार्य कर रहा है।

## क्षेत्रीय केंद्र, चेन्नई

- क्षेत्रीय केंद्र चेन्नई ने तमिलनाडु जिला स्तर के समग्र शिक्षा के पदाधिकारियों के साथ एक ऑनलाइन बैठक में हिस्सा लिया तथा एनआईओएस योजना के बारे में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दिया।
- क्षेत्रीय केंद्र, चेन्नई ने सह-ओपटैक्स केंद्र, चेन्नई का दौरा किया तथा हथकरघा बुनकर परियोजना के बारे में जागरूकता लाने के लिए प्रबंध निदेशक, को-ओपटैक्स के साथ एक बैठक भी की।

## क्षेत्रीय केंद्र, दिल्ली

- दिल्ली क्षेत्र के प्रत्यायित व्यावसायिक संस्थाओं के सह-समन्वयकों के लिए 10 जनवरी, 2021 को एक कार्यशाला आयोजित की गई। इसने अध्ययन केंद्रों को एनआईओएस कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर चिंतन करने के लिए मंच प्रदान किया, तथा शिक्षार्थियों के लिए एनआईओएस सेवाओं को सुधारने के लिए सुझाव भी दिए।



- ओबीई प्रवेश बढ़ाने के लिए 18 मार्च, 2021 को प्रत्यायित एजेंसियों के समन्वयकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई।
- 01 अक्तूबर, 2020 को नोएडा और गाजियाबाद के नोडल केंद्रों तथा प्रत्यायित संस्थाओं के समन्वयकों के लिए जूम एप के माध्यम से एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य एनआईओएस कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में अध्ययन केंद्रों को अपने विचार व्यक्त करने तथा अध्ययन सामग्री के बेहतर वितरण हेतु शिक्षार्थियों के लिए एनआईओएस सेवाओ को सुधारने हेतु सुझाव देने के लिए मंच प्रदान करना था।



*पर्यावरण दिवस 5 जून, 2020 को मनाया गया*
*Environmental day was celebrated on 5th June, 2020*

## क्षेत्रीय केंद्र, धर्मशाला

प्रशासन, परीक्षा तथा एनआईओएस के प्रसार की नियमित गतिविधियों के अतिरिक्त क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला ने निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए।

Policy (NEP) 2020 which emphasises on Vocational Education that has garnered the required spotlight now. The policy focuses on bringing the vocational education into mainstream. NIOS has been already working on the model of imparting vocational education at secondary and senior secondary level.

## Regional Centre, Chennai

- RC, Chennai participated in an online meeting with Tamil Nadu district level functionaries of Samagra Shiksha and responded to their queries about the NIOS scheme.
- RC, Chennai visited the CO-OPTEX centre, Chennai and also had a meeting with the Managing Director, CO-OPTEX to create awareness about the Handloom Weaver Project.

## Regional Centre, Delhi

- A workshop for Co-ordinators of Accredited Vocational Institutes of the Delhi region was held from 10th January, 2021. This provided a forum for the Study Centres to express their concerns in implementing the NIOS programmes, Suggestions to improve NIOS services for the learners were also given.
- A meeting was organized with the Coordinators of Accredited Agencies on 18th March, 2021 for enhancement of OBE admission.
- An Online meeting was conducted on 1st October, 2020 through Zoom App. for the Coordinators of Nodal Centres and Accredited Institutions of Noida and Ghaziabad. The objective of this meeting was to provide a forum for the Study Centres to express their concerns in implementing the NIOS programs and give suggestions to improve NIOS services to the learners for better distribution of study material.

## Regional Centre, Dharamshala

Apart from the regular activities of administration, examination and promotion of NIOS, RC Dharamshala organised the following events:

क्षेत्रीय केंद्र, धर्मशाला ने कोविड-19 महामारी के दौरान 28.08.2021 को एनईपी 2020 के क्रियान्वयन पर एक बैठक आयोजित की। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय निदेशक, सुश्री रचना भाटिया ने भाग लिया तथा 21वीं सदी पर बात की जिसमें सूचना और ज्ञान से प्रेरित समाज प्रमुख है। इस सदी के औद्योगीकरण और आर्थिक विस्तार से पूरे विश्व में तकनीकी परिवर्तन हो रहे हैं। आर्थिक विस्तार से पूरे विश्व में तकनीकी परिवर्तन हो रहे हैं। शिक्षा तकनीकी और आर्थिक विस्तार से समाज के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। समाज का इष्टतम विकास तभी संभव है, जब समाज में शिक्षा की स्थिति में सुधार हो, जिसमें इसके नागरिकों के बहुआयामी विकास की अनुमति मिल सके।



RC Dharamshala organised a meeting on the implementation of NEP 2020 during Covid-19 Pandemic on 28.08.2021. RD Rachna Bhatia participated in the event and spoke on The 21st century has largely been dominated by a society that is driven by information and knowledge. Industrialisation and economic expansion of this century are causing technological transformations all over the world. Education is a critical factor in the development of society, by bringing technological and economic growth. Optimal growth of society can only be achieved if the status of education in society is improved, allowing for multi-faceted development of its citizens.

क्षेत्रीय निदेशक, धर्मशाला, सुश्री रचना भाटिया ने 22.03.2021 को हिमाचल प्रदेश के प्राधिकारियों तथा महिला एवं बाल विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश के साथ एक ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया।

RD Dharamshala, Rachna Bhatia organised an online meeting with the authorities of Himachal Pradesh and Women and Child Development Department of Himachal Pradesh on 22.03.2021.

## क्षेत्रीय केंद्र, देहरादून

➢ अध्ययन केंद्रों पर विचार करने के लिए 28.10.2020 को सभी प्रत्यायित एआई समन्वयकों के लिए एक व्यू के माध्यम से एक बैठक आयोजित की गई और एनआईओएस मुख्यालय से समन्वयकों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का उत्तर दिया।



*श्रमदान तथा स्वच्छ भारत अभियान*
*Shramdhan & Swatch Bharat Abhiyan*

## Regional Centre, Dehradun

➢ A Meeting for all accredited AI coordinators was conducted through A-view on 28-10-2020 to discuss the role of study centres and resolve the queries raised by the coordinators from NIOS Hqtrs.

## क्षेत्रीय केंद्र, हैदराबाद

➢ क्षेत्रीय केंद्र हैदराबाद तथा क्षेत्रीय केंद्र विशाखापट्टनम के समन्वयकों के लिए एक वर्चुअल संगोष्ठी आयोजित की गई। समन्वयकों को 03 जून, 2020 को स्वयं (SWAYAM) स्वयं प्रभा टीवी चैनलों और मुक्त विद्या वाणी वेब रेडियो पर उपलब्ध एनआईओएस ऑनलाइन कक्षाओं के बारे में संक्षेप में बताया गया।

➢ क्षेत्रीय निदेशक, हैदराबाद ने वेबिनार के दौरान तेलंगाना राज्य की महामहिम राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सुंदराजन के साथ नई शिक्षा नीति 2020 पर पैनल चर्चा के सदस्य के रूप में हिस्सा लिया। माननीय राज्यपाल 05.09.2020 को राजभवन में ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) - 2020 स्कूली शिक्षा के लिए विशेष संदर्भ'' विषय पर आयोजित वेबिनार में हिस्सा लिया।

## Regional Centre, Hyderabad

➢ A virtual conference was conducted for the Coordinators of RC Hyderabad and RC Visakhapatnam. The Coordinators were briefed on NIOS online classes available on SWAYAM, SWAYAM Prabha TV channels & Mukth Vidya Vani web radio on 03rd June 2020.

➢ RD Hyderabad participated as members of the Panel discussion on New Education Policy 2020 during webinar with Her Excellency Governor of Telangana State Dr. Tamilisai Soundararajan. Hon'ble Governor attended webinar on "National Education Policy (NEP) - 2020 with Special Reference to School Education" at Rajbhavan on 05-09-2020.

## क्षेत्रीय केंद्र, जम्मू


➢ क्षेत्रीय केंद्र, जम्मू में आशा कार्यकर्ताओं का मूल्यांकन और आकलन सिद्धांत और प्रायोगिक परीक्षा के माध्यम से किया गया। आशा परियोजना के अंतर्गत 2498 आशा कार्यकर्ता परीक्षा में बैठे। इन परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन क्षेत्रीय केंद्र, जम्मू द्वारा किया गया तथा अंक एनआईओएस मुख्यालय को भेजे गए।

➢ पूरे भारत में स्थापित किए गए नए केंद्रों के लिए एनआईओएस (मुख्यालय) द्वारा ए-व्यू के माध्यम से एक दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। नए एआई/एवीआई/एए के समन्वयकों से अभिविन्यास कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए क्षेत्रीय केंद्र जम्मू का दौरान करने का अनुरोध किया जम्मू और कश्मीर के विभिन्न भागों से 39 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

➢ एनआईओएस कार्यक्रमों तथा गतिविधियों के प्रचार और सहायता के लिए अखबारों तथा सोशल मीडिया का सहारा लिया गया। शैक्षिक, व्यावसायिक शिक्षा तथा मुक्त बेसिक कार्यक्रमों में प्रवेश पर अधिक ध्यान दिया गया। मुक्त विद्यालयी शिक्षा में लचीलापन खुलापन, विषयों को चुनने की स्वतंत्रता जैसी सुविधाएं हैं। इसके अतिरिक्त, शिक्षार्थियों को स्वयं (SWAYAM) स्वयं प्रभा, मुक्त विद्या वाहिनी कार्यक्रमों के प्रसारण तथा एनआईओएस द्वारा कराए जा रहे विषयों के प्रसारित किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में बताया।

## क्षेत्रीय केंद्र, जयपुर

